चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 312, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 12 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# आर्टिकल 370 अब इतिहास बन गया...

## जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले को बरकरार रखा है, पांच जजों की संविधान पीठ ने इस मामले पर सुनवाई की

**नई दिल्ली**
**आर्टिकल** 370 अब इतिहास बन चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने आज (11 दिसंबर) जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले को बरकरार रखा है। पांच जजों की संविधान पीठ ने इस मामले पर सुनवाई की। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने आर्टिकल 370 पर फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को राहत देते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग हैं. इसकी कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं है। सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति की घोषणा की वैधता पर फैसला देने की जरूरत नहीं है क्योंकि याचिकाकर्ताओं ने इसे चुनौती नहीं दी है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की उन दलीलों को खारिज कर दिया कि राष्ट्रपति शासन के दौरान केंद्र द्वारा कोई अपरिवर्तनीय कार्रवाई नहीं की जा सकती। सीजेआई ने कहा कि राष्ट्रपति शासन के दौरान राज्य की ओर से केंद्र द्वारा लिए गए हर फैसले को चुनौती नहीं दी जा सकती।

**जम्मू-कश्मीर के पास देश के अन्य राज्यों से अलग आंतरिक संप्रभुता नहीं है: सीजेआई**
जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, यह संविधान के अनुच्छेद 1 और 370 में स्पष्ट है: सीजेआई उखकका कहना है कि संविधान का अनुच्छेद 370 अस्थायी था, इसे रद्द करने की राष्ट्रपति की शक्ति अभी भी मौजूद है।
सीजेआई ने कहा कि राज्य में युद्ध की स्थिति के कारण अनुच्छेद 370 अंतरिम व्यवस्था थी। सीजेआई ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा को कभी भी स्थायी निकाय बनाने का इरादा नहीं था। जब जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा का अस्तित्व समाप्त हो गया, तो जिस विशेष शर्त के लिए अनुच्छेद 370 लागू किया गया था उसका भी अस्तित्व समाप्त हो गया: हमारा मानना है कि राष्ट्रपति द्वारा राज्य की नहीं बल्कि संघ की सहमति की मांग वैध है, भारतीय संविधान के सभी प्रावधान जम्मू-कश्मीर पर लागू हो सकते हैं।



### फैसले से राजनीतिक संकट कम होगा: मिलिंद देवरा

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने आर्टिकल 370 को लेकर सोमवार (11 दिसंबर) को केंद्र सरकार के ऐतिहासिक फैसले को बरकरार रखा। शीर्ष कोर्ट ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले को बरकरार रखा है। इस तरह से कोर्ट ने सरकार के फैसले पर मुहर लगाते हुए इसे संवैधानिक तौर पर सही बताया। पांच जजों की संविधान पीठ ने इस मामले पर सुनवाई की, जिसमें चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ भी शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी के समेत सभी भाजपा नेता ने खुशी जताई है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के नेताओं ने कहा है कि राज्य को लेकर हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

### 'पीएम मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और शाह की रणनीति ने इसे संभव बनाया'

**नई दिल्ली**
संविधान के अनुच्छेद 370 में संशोधन के केंद्र सरकार के 2019 कदम पर सुप्रीम कोर्ट ने आज (11 दिसंबर) अपना फैसला सुनाया। इस निरसन से पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर को मिला विशेष दर्जा समाप्त हो गया है। कोर्ट ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने वाले संवैधानिक आदेश को वैध माना है। इस बीच केंद्र के प्रमुख वकील सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सोमवार को कहा कि सरकार के 5 अगस्त, 2019 के फैसले को बरकरार रखने वाला सुप्रीम कोर्ट का फैसला देश के इतिहास में दर्ज किया जाएगा। मेहता ने कहा कि ये उनके लिए भी एक ऐतिहासिक दिन है। मेहता ने कहा कि 5 अगस्त, 2019 और आज की तारीख भारत के इतिहास में दर्ज की जाएगी।



**पीएम मोदी और अमित शाह के कारण हुआ यह संभव**
मेहता ने आगे कहा कि 'यह केवल हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति और हमारे गृह मंत्री अमित शाह जी की दृढ़ संकल्प और शानदार रणनीति है, जिसने इस ऐतिहासिक निर्णय को संभव बनाया है। राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा।' मेहता ने कहा कि उन्हें पूरी प्रक्रिया को देखने और उसका हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला है।

### 'केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल किया जाए'



**सीजेआई** ने कहा, हम निर्देश देते हैं कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के लिए संवैधानिक आदेश जारी करने की राष्ट्रपति की शक्ति के प्रयोग को वैध मानते हैं।
सीजेआई ने कहा, हम जम्मू-कश्मीर से केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख बनाने के फैसले की वैधता को बरकरार रखते हैं। सीजेआई ने कहा कि राष्ट्रपति की शक्ति के प्रयोग के लिए परामर्श और सहयोग के सिद्धांत का पालन करना आवश्यक नहीं था।
सीजेआई से सहमति जताते हुए जस्टिस एसके कौल ने कहा कि अनुच्छेद 370 का उद्देश्य धीरे-धीरे जम्मू-कश्मीर को अन्य भारतीय राज्यों के बराबर लाना था। अनुच्छेद 370 में जम्मू-कश्मीर संविधान सभा की सिफारिश की आवश्यकता को बड़े इरादे को निरर्थक बनाने के तरीके से नहीं पढ़ा जा सकता: जम्मू कश्मीर में जल्द चुनाव के लिए कदम उठाए जाएं। 30 सितंबर 2024 तक जम्मू कश्मीर में चुनाव हों।

**सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने क्या कहा?**
सीजेआई ने सुनवाई करते हुए कहा,"जम्मू-कश्मीर के संविधान में संप्रभुता का कोई जिक्र नहीं था। हालांकि, भारत के संविधान की प्रस्तावना में इसका उल्लेख मिलता है।

### देश में 2029-30 तक 1.5 बिलियन टन कोयला उत्पादन की संभावना: प्रल्हाद

**नई दिल्ली**
केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने देश में 2029-30 तक 1.5 बिलियन टन कोयला का उत्पादन होने की संभावना जताई है। जोशी ने कहा कि केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए देश में घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाने के अनेक कदम उठाए हैं। केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोमवार को राज्यसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में यह बात कही। जोशी ने उच्च सदन राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि देश में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कोयले का उत्पादन बढ़ाने की योजना है। उन्होंने सवाल का जवाब देते हुए कहा कि सरकार का अनुमान है कि 2029-30 तक कोयले का उत्पादन 1.5 बिलियन टन हो जाएगा। कोयला मंत्री ने बताया कि कोयला उत्पादन बढाने के लिए प्रारंभ की गई कुछ प्रमुख पहलों में सिंगल विंडो क्लीयरेंस, खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 में संशोधन भी शामिल है, ताकि कैप्टिव खानों को अंतिम उपयोग संयंत्रों की आवश्यकता को पूरा करने के बाद अपने वार्षिक उत्पादन का 50 फीसदी तक बेचने की अनुमति मिल सके। कोयला मंत्री ने सदन को बताया कि वाणिज्यिक खनन के लिए 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी।

### जम्मू-कश्मीर को तत्काल प्रभाव से दिया जाए पूर्ण राज्य का दर्जा: कांग्रेस

**नई दिल्ली**
कांग्रेस ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर को तत्काल प्रभाव से पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए। पार्टी के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने सोमवार को कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हमने हमेशा जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की है। हम इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। पूर्ण राज्य का दर्जा तुरंत बहाल किया जाना चाहिए। चिदंबरम ने कहा कि जिस तरीके से अनुच्छेद 370 को निरस्त किया गया, उस फैसले से हम सम्मानपूर्वक असहमत हैं।

## मोहन यादव होंगे मध्य प्रदेश के अगले सीएम; हफ्ते भर से जारी सस्पेंस आखिरकार खत्म

**भोपाल**
**मध्य** प्रदेश में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर जारी सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया। राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन यादव के नाम पर मुहर लग गई है। भाजपा की विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से इनके नाम को मुहर लगी। इससे पहले भाजपा आलाकमान ने मनोहर लाल खट्टर, डॉ. के लक्ष्मण और आशा लकड़ा को पर्यवेक्षक बनाकर सीएम चुनने की जिम्मेदारी सौंपी थी। पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में सोमवार को हुई विधायक दल की बैठक में मोहन यादव के नाम को फाइनल किया गया। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक हैं। सूत्रों के मुताबिक, मध्य प्रदेश में दो उपमुख्यमंत्री भी होंगे। इनके लिए जो दो नाम सामने आ रहे हैं, वे हैं- जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला। जगदीश देवड़ा मल्हारगढ़ और राजेंद्र शुक्ला रीवा से विधायक हैं। इसके अलावा स्पीकर पद के लिए नरेंद्र सिंह तोमर के नाम का एलान किया गया है।




## हिमंत ने पीएम मोदी से की मुलाकात, राज्य में कई परियोजनाओं के शिलान्यास करने का दिया निमंत्रण

**नई दिल्ली**
असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य में कई परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के लिए पीएम मोदी को असम आने का निमंत्रण दिया।

**पीएम मोदी को दिया कई परियोजनाओं के शिलान्यास करने का निमंत्रण**
सोशल मीडिया पोस्ट एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पीएम मोदी से मुलाकात कर उन्हें राज्य में कामाख्या कॉरिडोर परियोजना की आधारशिला रखने, जोरहाट में बीर लाचित की भव्य प्रतिमा को देश को समर्पित करने और तिनसुकिया मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन और शिवसागर मेडिकल कॉलेज की नींव रखने के लिए निमंत्रण दिया।



**असम में 2024 में बिजनेस समिट का होगा आयोजन**
उन्होंने आगे कहा कि साल 2024 में असम में बिजनेस समिट का आयोजन होना है। इसके लिए मैंने पीएम मोदी से मिलकर सलाह भी लिया। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में बिजनेस समिट का उद्देश्य राज्य में निजी निवेशकों को आकर्षित करने और हमारे आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए एक मंच के रूप में स्थापित करना है।

### भारत की 'बायो इकोनॉमी' पिछले आठ वर्षों में आठ गुना बढ़ी- डॉ. मांडविया



**नई दिल्ली**
केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत की 'बायो इकोनॉमी' पिछले आठ वर्षों में आठ गुना बढ़कर 10 बिलियन डॉलर से बढ़कर 80 बिलियन डॉलर हो गई है। भविष्य में जैव-प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य उपचार का सबसे बड़ा आधार बनेगी। डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को गुजरात के अहमदाबाद में 10वें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन से पूर्व आयोजित सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए यह बात कही। डॉ. मांडविया ने कहा कि भारतीय जैव प्रौद्योगिकी उद्योग का लक्ष्य 2025 तक 150 बिलियन डॉलर और 2030 तक 300 बिलियन डॉलर तक वृद्धि का है। वर्तमान में वैश्विक जैव प्रौद्योगिकी उद्योग में भारत की हिस्सेदारी लगभग 3 प्रतिशत की है और विश्व में शीर्ष 12 गंतव्यों में से एक है। उन्होंने कहा, ह्लयह उद्योग कृषि, पर्यावरण, औद्योगिक उत्पादन और कई अन्य क्षेत्रों में जटिल समस्याओं के समाधान खोजने का माध्यम बन जाएगा और भविष्य में अर्थव्यवस्था जैव प्रौद्योगिकी आधारित हो जाएगी। डॉ. मांडविया ने कहा, "वैश्विक जैव प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र में, भारत जल्द ही शीर्ष दस देशों में से एक होगा।" केंद्रीय मंत्री ने कहा, "राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी विकास रणनीति 2020-25 सरकार को ज्ञान साझा करने के लिए कौशल विकास, संसाधन और नवाचार को एक सुदृढ़ पारिस्थितिकी तंत्र में परिवर्तित करने के लिए एक मंच प्रदान करती है।"

## सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड: एक राज्य से दूसरे राज्य में ठिकाना बदलते रहे हत्यारे

**नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की बीते मंगलवार उनके जयपुर आवास पर अज्ञात हमलावरों द्वारा गोली मारकर हत्या दी गई। इस मामले में अब तक दो शूटर्स और एक सहायता प्रदान करने वाले व्यक्ति को चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया गया है। यह सभी देश से भागने के लिए चंडीगढ़ में पासपोर्ट का इंतजार कर रहे थे। इस मामले में शामिल तीनों आरोपी में से नितिन फौजी और रोहित राठौड़ शूटर्स थे जबकि तीसरा, उधम सिंह इन दोनों को सहायता प्रदान कर रहा था। उधम सिंह ही वह व्यक्ति है जो सभी को भागने में मदद कर रहा था। यह सभी आरोपी हत्या के बाद से ही एक राज्य से दूसरे राज्य में छिप रहे थे। आरोपी नितिन फौजी महेंद्रगढ़ निवासी हैं तो रोहित राठौड़, मकराना, राजस्थान का रहने वाला है और उधम सिंह, हिसार के रहने वाले हैं।

**चंडीगढ़ से पकड़ा गया गोगामेड़ी का दोनों हत्यारा**
मकराना के 24 वर्षीय आरोपी रोहित राठौड़ और हरियाणा के महेंद्रगढ़ के 26 वर्षीय नितिन फौजी को राजस्थान पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) और दिल्ली पुलिस अपराध शाखा द्वारा किए गए संयुक्त अभियान के दौरान चंडीगढ़ के सेक्टर 22 में एक शराब की दुकान से पकड़ा गया। दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव ने कहा कि टीम उनके सोशल मीडिया और मोबाइल फोन के उपयोग के माध्यम से उन पर नजर रख रही थी।

### सियाचिन ग्लेशियर पर तैनात होने वाली पहली मेडिकल ऑफिसर बनीं फातिमा

**नई दिल्ली**
कैप्टन फातिमा वसीम ने सियाचिन ग्लेशियर पर ऑपरेशनल पोस्ट पर तैनात होने वाली पहली महिला मेडिकल ऑफिसर बनकर इतिहास रच दिया है। सियाचिन बैटल स्कूल में कठोर ट्रेनिंग प्राप्त करने के बाद उन्हें 15200 फीट की ऊंचाई पर स्थित ऑपरेशनल पोस्ट पर तैनाती मिली थी।

**पहली मेडिकल ऑफिसर बनीं कैप्टन फातिमा वसीम**
भारतीय सेना के फायर एंड फ्यूरी कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कैप्टन फातिमा वसीम से जुड़ा एक वीडियो भी शेयर किया है। इसमें लिखा कि सियाचिन वॉरियर्स की कैप्टन फातिमा वसीम, सियाचिन ग्लेशियर पर ऑपरेशनल पोस्ट पर तैनात होने वाली पहली मेडिकल ऑफिसर बन गई हैं।
उन्होंने कहा कि 15 हजार फीट पर कैप्टन फातिमा वसीम की पोस्टिंग उनकी अदम्य भावना और उच्च प्रेरणा को दर्शाती है।

## 'घावों को भरने की जरूरत है..', जस्टिस कौल ने की सत्य और सुलह आयोग के गठन की सिफारिश

**नई दिल्ली**
**सर्वोच्च** न्यायालय के न्यायाधीश संजय किशन कौल ने सोमवार को एक निष्पक्ष सत्य और सुलह आयोग गठित करने की सिफारिश की। उन्होंने कहा कि यह आयोग 1980 के दशक से जम्मू-कश्मीर में सरकारी और राज्येतर तत्वों (नॉन-स्टेट एक्टर्स) द्वारा किए गए मानवाधिकार उल्लंघनों की जांच करेगा और उसकी रिपोर्ट देगा। उन्होंने कहा कि घावों को भरने की जरूरत है। न्यायमूर्ति कौल ने जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने के केंद्र के फैसले को बरकरार रखते हुए एक अलग लेकिन सहमति वाला फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि वहां के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को अस्थिर स्थिति के कारण भारी कीमत चुकानी पड़ी है। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान पहले से ही खंडित समाज पर पीढ़ी-दर-पीढ़ी आघात के परिणामों को देखा है। न्यायमूर्ति कौल पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य से ही ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने अपने 121 पन्नों के फैसले में कहा, 'क्षेत्र के लोगों ने जो अनुभव किया है उसके लिए मैं व्यथित हुए बिना नहीं रह सकता हूं और यह उपसंहार (फैसला का अंतिम अंश) लिखने के लिए विवश हूं।' जम्मू-कश्मीर के लोगों के मानवाधिकार उल्लंघनों पर उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में इन घटनाओं का दस्तावेजीकरण करने वाली कई रिपोर्ट आई हैं। न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि सच्चाई बताने से पीड़ितों को अपनी कहानी सुनाने का अवसर मिलता है। इससे गलतियों को जारी रखने के लिए जिम्मेदार लोगों और समग्र रूप से समाज को स्वीकारोक्ति मिलती है। इससे सुलह का मार्ग प्रशस्त होता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इन उद्देश्यों को हासिल करने के अलग-अलग तरीके हैं। लेकिन, सत्य और सुलह आयोग विश्व स्तर पर विशेष रूप से प्रभावी रहे हैं। न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के सत्य और सुलह आयोग का गठन रंगभेद के दौरान मानवाधिकारों के उल्लंघन की जांच के लिए किया गया था और इसने पीड़ितों के लिए गणना या नरसंहार के साधन के रूप में कार्य किया और शांति-निर्माण को बढ़ावा दिया।



# वैवाहिक रिश्ते में दुराचार की कोई जगह नहीं, यौन संबंध दुष्कर्म नहीं, पति को किया दोषमुक्त

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा, वैवाहिक रिश्ते में दुराचार जैसे शब्द की कोई जगह नहीं है। बालिग पत्नी बनाए गए यौन संबंध को दुष्कर्म नहीं कह सकती, वह चाहे प्राकृतिक हो या फिर अप्राकृतिक। इस संबंध के लिए पति को न दोषी माना जा सकता है न दंडित किया जा सकता है। यह महत्वपूर्ण टिप्पणी न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एक पीठ ने पत्नी से अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने और दहेज उत्पीड़न के आरोपों के लिए जेल में सजा भोग रहे एक पति को दोषमुक्त करते हुए की।



मामला गाजियाबाद के लिंकरोड थाने का है। वर्ष 2012 में आरोपी की शादी हुई, इसके बाद पत्नी ने वर्ष 2013 में पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाते हुए दहेज उत्पीड़न और अप्राकृतिक यौन शौषण का आरोप लगाया। परीक्षण न्यायालय से पति को तीन साल के कारावास और तीस हजार रुपये जुमाने की सजा सुनाई गई। सजा के खिलाफ पति ने अपील दाखिल की, जो आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए निचली अदालत ने दहेज के आरोपों से मुक्त किया लेकिन अप्राकृतिक यौन शौषण के आरोप में सुनाई गई सजा को बरकरार रखा। अपीलीय अदालत के फैसले को आरोपी पति ने हाईकोर्ट में पुनरीक्षण याचिका के जरिए चुनौती दी इस बीच आरोपी को मिली जमानत पत्नी की अर्जी पर खारिज हुई और पति को फिर से जेल जाना पड़ा। मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की एकल पीठ ने याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि यदि पत्नी बालिग है तो पति को इस तरह के आरोप में दंडित नहीं किया जा सकता, क्योंकि वर्तमान समय में भारतीय दंड संहिता में वैवाहिक बलात्कार को अपराध नहीं माना गया है।कोर्ट ने जेल में बंद पति को पत्नी के अप्राकृतिक यौन शौषण के आरोप से बरी करते हुए कहा कि इस देश में अभी तक वैवाहिक बलात्कार को अपराध नहीं माना गया है। चूंकि वैवाहिक बलात्कार को अपराध घोषित करने की मांग करने वाली तमाम याचिकाएं अभी भी उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं। ऐसे में जब तक शीर्ष अदालत इस मामले में कोई फैसला नहीं कर देती, तब तक बालिग पत्नी से बनाए गए अप्राकृतिक यौन संबंध के लिए पति को दंडित नहीं किया जा सकता।



## एलबीएस के छात्र छात्राओं को किया गया जागरुक

अखंड भारत संदेश

मांडा- प्रयागराज। लाल बहादुर शास्त्री पालीटेक्निक कालेज माण्डा में स्किल एकेडेमी फार एडवांसमेंट ऑफ लीवलीहुड के बैनर तले भारत सरकार के स्किल इंडिया के विभिन्न योजना- के बारे में संस्थान के छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया । उक्त कार्यक्रम में सौरभ नौडियाल, पंजाब नेशन?ल बैंक माण्डा के मनीष कुमार, गुलाबचन्द्र, सोलर पावर प्लाण्ट के प्रबंधक मोइज अनवर साबरी और संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संस्थान के ईजी. रजनीश उपाध्याय, सुनील चौधरी, इंजी पवन केशरी, रवि केशरवानी , अमरेन्द्र प्रताप सिंह, सुनील पाण्डेय, दिनेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पेड़ से टकराई अनियंत्रित ट्रक डाल टूटकर गिरने से किसान की हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**कोरांव, प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के उल्दा गांव में बीती रविवार को देर रात ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे स्थित पेड़ से टकरा गई। डाल टूटकर गिरने से पेड़ के नीचे सो रहे किसान की दबाकर मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद ग्रामीणों ने ट्रक व ट्रक चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक शिव प्रसाद कुशवाहा पुत्र स्व. रघुनाथ प्रसाद कुशवाहा (65) रविवार को रात में अपने धान की थ्रेशरिंग कराने के उपरांत धान की रखवाली करने के लिए पेड़ के नीचे ही सो गए थे। रात करीब 11 बजे के आसपास कोरांव ड्रमंडगंज मार्ग से गुजर रहा अनियंत्रित ओवरलोड ट्रक पेड़ से टकरा गया। ट्रक को

## रविवार को देर रात हुआ हादसा पुलिस ने पीएम के लिए भेजा शव, परिजनों में मचा कोहराम

पेड़ से टकराने के बाद डाल टूटकर नीचे गिर गई। जिससे पेड़ के नीचे सो रहे किसान शिव प्रसाद की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। मृतक शिव प्रसाद के चार पुत्रों में आशुतोष कुमार, राघवेंद्र, अखिलेश व रविंद्र समेत पत्नी एवं अन्य पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मृतक के बेटे आशुतोष कुमार ने पुलिस को ट्रक के विरुद्ध प्राथमिकी देकर विधिक कार्रवाई की मांग है। बेटे ने तहरीर में बताया है कि ट्रक पेड़ से टकराने के बाद धक्का मारते हुए निकल गया जिससे मेरे पिता की मौत हो गई। पुलिस ने ओवरलोड धान लदे ट्रक को हिरासत में लेते हुए तहसील मुख्यालय पर खड़ा कर दिया है। चालक को भी हिरासत में ले लिया है।

# पुनर्मतगणना में विजई ग्राम प्रधान गायत्री देवी को बीडीओ ने दिलाई शपथ

अखंड भारत संदेश

**कोरांव, प्रयागराज।** विकासखंड कोरांव के टीकर ग्राम पंचायत में माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश पर हुई पुनर्मतगणना में विजई ग्राम प्रधान गायत्री देवी पत्नी कृष्ण पाल यादव को बीडीओ कोरांव धीरेंद्र कुमार यादव ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी ने नव निर्वाचित ग्राम प्रधान गायत्री देवी को शपथ दिलाने के बाद कहा कि जिस तरीके से सभी ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। अब टीकर ग्राम पंचायत में भी नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान के द्वारा विकास कार्यों को गति दी जाएगी। ज्ञातव्य हो कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना में रजनी कुशवाहा पत्नी सुनील कुमार टीकर गांव की ग्राम प्रधान निर्वाचित हुई थी। गायत्री देवी ने मतगणना में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए वाद दाखिल किया था। जिसके क्रम में उच्च न्यायालय ने मतगणना की तिथि निर्धारित करते हुए उप जिलाधिकारी कोरांव के न्यायालय में वीडियो रिकॉर्डिंग की निगरानी में मतगणना कराई गई थी। मतगणना के उपरांत परिणाम की घोषणा नहीं की गई थी। माननीय न्यायालय ने ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचित ग्राम प्रधान रजनी कुशवाहा को 12 मतों से पराजित करते हुए गायत्री देवी को विजई घोषित करने का आदेश पारित किया।

# उसरही गांव में मजदूरी कर रही महिला को दबंगों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** सोमवार को थाना क्षेत्र के उसरही गांव में दोपहर लगभग 3 बजे एक गरीब महिला मजदूरी करने खेत में गई थी। तभी अकेली देख कुछ दबंग लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डंडे से मारकर लहू लुहान कर दिए चीख पुकार सुनकर पीड़िता के पति मुकेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे तो उनको भी दबंगों ने मारकर गिरा दिया। पीड़ित महिला ने सोरांव थाने पर पहुंचकर तीन नामजद व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया है।



जानकारी के अनुसार शीला देवी पत्नी मुकेश कुमार निवासिनी उसरही गांव के एक किसान के खेत में मजदूरी करने गई थी। आरोप है कि गांव के अरविंद कुमार उर्फ डॉन डीजे व अखिलेश पुत्रगण सुरेश कुमार तथा संगीता देवी पत्नी सुरेश कुमार ने पूर्व योजना के तहत लाठी डंडा लेकर खेत में गए तथा महिला को खेत में अकेली देख उसे पीटने लगे। जब तक युवती कुछ समझ पाती विपक्षियों ने उसको मारकर गिरा दिया। शोरगुल सुन करके जब गांव वाले आए तब जाकर पीड़िता की जान बची। इस घटना से पीड़िता शीला देवी पत्नी मुकेश कुमार का हाथ पैर व सिर में गंभीर चोटे आई हैं। जान बचाकर पीड़िता किसी तरह सोरांव थाने पर पहुंचकर विपक्षियों के खिलाफ तहरीर देते हुए संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करवा दिया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोराव में भेज दिए।

# जिसका कोई गुरु नही उसका जीवन शुरू नही : शांतनु जी महाराज

## अभिमन्यु शाखा पार्क में सेवा भारती प्रयागराज विभाग की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा का सातवां दिन

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी अभिमन्यु शाखा पार्क में सेवा भारती प्रयागराज विभाग की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के सातवें दिवस पर पूज्य शांतनु जी महाराज ने कहा कि भगवान को पाने के लिए बस उन्हें पुकारो और प्रतीक्षा करो। मैया शबरी, अहिल्या ने पूरे जीवन भगवान की प्रतिक्षा किया और अंततः भगवान उनके पास स्वयं ज।



महाराज जी ने गुरु महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जिसका कोई गुरु नही उसका जीवन शुरू नही। गोस्वामी जी ने सम्पूर्ण मानस में समय समय पर गुरु महिमा का बखान किया है। उन्होंने चित्रकूट की लीला का बहुत ही सुंदर व मार्मिक वर्णन किया एवं दसरथ जी के मार्मिक महाप्रयाण का दर्शन कराया। सातवें दिन के यजमान सुमंत कुंवर एवं उनकी पत्नी अर्चना सिंह, धनंजय सिंह पत्नी शैल सिंह, सतीश चंद्र सिंह अधिवक्ता पत्नी उर्मिला सिंह स्थायी अधिवक्ता तथा त्रिशांत सिंह एवं उनकी माता रहीं। इस अवसर पर श्रोता के रूप में न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव एवं पत्नी श्रुति श्रीवास्तव, न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान, पीजीआई के ज्वाइंट डायरेक्टर सुभाष सिंह पत्नी सीमा सिंह, लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ हरेश प्रताप सिंह, कल्पराज संघ, उच्च शिक्षा आयोग डॉ विनोद सिंह, बीएमजी डिग्री कालेज के प्रबंधक इंजी नरेंद्र कुमार सिंह, सह प्रांत प्रचारक मुनीश कुमार, पूर्व प्रांत संचालक डॉ विश्वनाथ लाल निगम, प्रांत सेवा प्रमुख सत्यविजय, भोगाई सिंह, प्रो विनोद सिंह, सेवा भारती प्रयागराज विभाग प्रमुख सुजीत सिंह, समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला परिषद अध्यक्ष अरवल बिहार, मंटू सिंह, वेद भाई, विनय सिंह, मोनू सिंह, राजेश साहू, महावीर, सुनील जायसवाल, दादू सिंह प्रधान संघ के अध्यक्ष करछना, टुनटुन पांडे, जितेंद्र शर्मा, गुरुप्रकाश राव, जिला पंचायत सदस्य करछना कुलदीप त्रिपाठी, योगराज मिश्र, भाग सह सेवा प्रमुख सुकृति, वेद जी, मुन्ना तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# हेड कांस्टेबल की प्रयागराज जंक्शन पर हार्टअटैक से मौत

## ट्रेन का इंतजार करते वक्त पड़ा दिल का दौरा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज ।** प्रयागराज जंक्शन पर प्लेटफॉर्म नंबर सात पर ट्रेन का इंतजार करते समय हार्टअटैक आने से हेड कांस्टेबल छांगुर राम (55) की मौत हो गई। वह बेटी व बहू को प्रयागराज छोड़ने आए थे। जौनपुर पुलिस लाइन में तैनात थे।छांगुर राम मूलरूप से जौनपुर जिले के नगरा थाने के खनवर नवादा गांव के रहने वाले थे। उनके घर में पत्नी प्रेम शीला देवी, दो बेटे व तीन बेटियां हैं। बेटी बिनू ने बताया कि वह और उनकी भाभी छोटा बघाड़ा में रहकर नर्सिंग की पढ़ाई करती हैं। वह किसी काम से चार दिन पहले घर गई हुईं थी।शनिवार को उनके पिता उसे और भाभी सुनीता को जौनपुर से ट्रेन से प्रयागराज छोड़ने आए थे। वह उन दोनों को छोड़कर वापस ड्यूटी जौनपुर जाने के लिए प्लेटफॉर्म नंबर सात पर खड़े होकर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। तभी अचानक वह वहां पर गिर गए।लोगों की नजर पड़ी तो वह जीआरपी पुलिस को सूचना दी। उन्हें तुरंत इलाज के लिए जीआरपी अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हेड कांस्टेबल के मौत के बाद जीआरपी पुलिस ने पास से मिले मोबाइल फोन से परिजनों को सूचना दी।

# समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के जिला महासचिव बनाए गए अख्तर अली

अखंड भारत संदेश

**मेजा, प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी ने प्रदेश सहित जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। समाजवादी पार्टी के सैनिक प्रकोष्ठ के यमुनापार जिलाध्यक्ष श्याम करण यादव ने मेजा तहसील क्षेत्र के कोटहा,लेहड़ी गांव निवासी अख्तर अली को सपा सैनिक प्रकोष्ठ का जिला महासचिव मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर पार्टी कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त है।नई जिम्मेदारी मिलने पर अख्तर अली को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। मनोनयन के बाद अख्तर अली ने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मैं पार्टी कार्यकताओं का नेता हूं। यह पद उनका सम्मान है। इस भरोसे का मैं पूरी ईमानदारी पूर्वक पार्टी के हित के लिए काम करूंगा।



इस अवसर पर यमुनापार जिलाध्यक्ष पप्पू निषाद, रामराज, तारकेश्वर शुक्ला,फिरोज खान, राजनंदन निषाद, कमला प्रसाद पटेल, मुन्नालाल निषाद, श्याम बाबू यादव, सफात अली,पिंटू, मोहम्मद रफीक,लाल, मुन्नी, मोहम्मद नियाज, गुलशन अली ,लाल बाबू,राजा बाबू, कमरूजहां,रियाज अहमद सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## उपभोक्ताओं को पानी न मिलने से रोष

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** एक तरफ हर घर जल हर घर नल का ढिंडोरा पिटा जा रहा है। तो वही दूसरी तरफ जल निगम आपरेटर के रवैये से कई उपभोक्ताओं ने नाराजगी जाहिर की। मांडा निवासी राकेश यादव ने बताया कि बीते कई सप्ताह से वार्ड नम्बर के 12 यादव बस्ती में पानी के लिए त्राहि त्राहि मची हुई है। जिससे लोग पीने के लिए पानी दूर दूर से लाना पड़ रहा है। आपरेटर की मनमानी के चलते उपभोक्ताओं को पानी के लिए भारी मसक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने इस बारे में कई बार सम्बधित अधिकारियों को अवगत कराया किंतु अभी तक पानी की समस्या का हल नही निकला।

# अधिकांश जिलों में बोर्ड परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची पर नहीं लगी मुहर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज ।** यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों में जुटा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर पुस्तिकाओं की छपाई से लेकर प्रश्नपत्रों की छपाई तक का काम समय से पूरा कराने में जुटा हुआ है, लेकिन परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची अभी तक फाइनल नहीं हुई है। शासन की तरफ से यूपी बोर्ड को 10 दिसंबर तक का समय परीक्षा केंद्रों की सूची फाइनल करने का निर्देश दिया गया था, उसके बाद भी जिलों के अधिकारियों की लापरवाही के कारण ऐसा नहीं हो सका है।यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 के लिए संभावित केंद्रों की सूची पहले ही जारी हो चुकी है। बोर्ड की तरफ से 7864 संभावित केंद्रों की सूची जारी करने के साथ ही जिलों से परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची तैयार करने का निर्देश बोर्ड सचिव ने दिया था। संभावित सूची में इस बार 1017 राजकीय स्कूलों के साथ ही एडेड विद्यालयों की संख्या 3537 और वित्त विहीन विद्यालयों की संख्या 3310 रही। परीक्षा केंद्रों के बनाने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आपत्तियां मांगी गई थी।जिलों के डीआईओएस को निर्देश दिया गया था कि आपत्तियों का सही प्रकार से निस्तारण करने के बाद जिला समिति के सामने उसे रखा जाए और केंद्रों की अंतिम सूची फाइनल की जाए,लेकिन निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी प्रदेश में करीब 60 से अधिक जिलों में परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची पर मुहर नहीं लग सकी।ऐसे में बोर्ड की तरफ से केंद्रों की अंतिम सूची जारी नहीं हो सकी। वहीं बोर्ड सचिव दिव्यकांत शुक्ला का कहना है कि इसी सप्ताह परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी हो जाएगी।

# नाराज किसानों ने निकाली ट्रैक्टर रैली,जताया विरोध

अखंड भारत संदेश

**बारा।** अनियमित,मनमानी कीमत पर भूमि अधिग्रहण, धान खरीद में लापरवाही और पर्याप्त क्रय केंद्र नहीं खोलने, टंडन वन की पैमाइश नहीं करने समेत कई मामलों को लेकर किसानों ने सोमवार को ट्रैक्टर रैली निकाली और विरोध व्यक्त किया। किसान नेता केके मिश्र ने कहा, उपरोक्त समस्याओं के अतिरिक्त सारे नियमों को ताक पर रखकर बारा के लोगों का जीवन संकट में डाला जा रहा है। पीपीजीसीएल की जहरीली फ्लाई ऐश आबादी क्षेत्र में डंप की जा रही है।

खेती-किसानी के सीजन में डीएपी, यूरिया खाद की सुचारु रूप से आपूर्ति नहीं की जा रही है, जिससे किसानों को दाम से अधिक पैसे देकर खाद खरीदना पड़ रहा है। उक्त सभी के संदर्भों में किसानों ने कई बार अधिकारियों को सूचित किया है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके पूर्व किसानों ने सोमवार को किसान आक्रोश रैली निकाली, जो जारी बाजार से जसरा बाईपास तक गई। इसमें भारी संख्या में किसान ट्रैक्टर के साथ शामिल हुए। जसरा सब्जी मंडी में किसानों की रैली के मद्देनजर स्थानीय पुलिस भी सतर्क रही। किसान नेता केके मिश्र ने कहा कि प्रशासन किसानों को अनिश्चित कालीन सत्याग्रह के लिए मजबूर कर रहा है।

## युवक की मौत सड़क हादसे में

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र में सड़क हादसे में युवक की मौत राजापुर चौबारा, होलागढ़ का रहने वाला आकाश कुमार (26) पुत्र राजकुमार अपनी बाइक से सोमवार सुबह करछना जाने के लिए निकला था। सुबह लगभग छह बजे डेज मेडिकल तिराहे के पास आकाश अपनी बाइक खड़ी कर पैदल सड़क पार करने लगा तभी किसी वाहन उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 36 घण्टे के अन्दर पुलिस नें खोज निकाला युवती की खोया सामान

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। थाना कैंट क्षेत्र पुलिस का सराहनीय कार्य,चौकी प्रभारी नाका कुलदीप उपाध्याय के नेतृत्व में 36 घण्टे के अन्दर युवती का खोया हुआ सामान को खोज निकाला। दरअसल मामला यह की दीपमाला पत्नी स्व0 प्रवीण कुमार 184 केंद्राचल कालोनी प्रीतम नगर थाना धूमनगंज की रहने वाली है। जो वर्तमान में एल.डी सी.पद पर ओ.डी फोर्ट प्रयागराज में कार्यरत है। ड्यूटी जाते समय उनका बैग स्कूटी से कही गिर गया था। जिसमे एक सैमसंग स्मार्ट फोन,आई कार्ड,



आधार कार्ड,वोटर आई डी,वाटर बॉटल, लंच बॉक्स,व कुछ अन्य सामान उस बैग में थे। पीड़ित युवती के काफी खोजबीन के बाद हताश हो गई अंत में युवती नें पुलिस से मदद की गुहार लगाई। परेशान युवती थाना नाका कैंट चौकी पहुंची उन्होंने चौकी प्रभारी कुलदीप से अपनी परेशानी बताई। तत्काल युवती की समस्या को सुकर उन्होंने संज्ञान लिया।त्वरित सर्विलांस सेल की सहायता से खोजबीन शुरू कर दिया। कई संभावित स्थानों पर जाकर हर संभव प्रयास करते रहे। आखिरकार पुलिस की मेहनत रंग लाई। पुलिस सर्विलांस सेल की मदद से पीड़ित का खोया हुआ बैग,मोबाइल व अन्य सारे सामान बरामद कर लिया।

# नैनी यमुना पुल के नीचे लूट के मामले में दो संदिग्धों से पूछताछ

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में शनिवार की रात में नैनी पुराने यमुना पुल के नीचे राकेश कुमार को गोली मारकर लूट के मामले में नैनी पुलिस ने दो संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। पुलिस वारदात के समय उनकी लोकेशन खंगाल रही है।

साथ ही घटना स्थल से बदमाशों के भागने के रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। ताकि बदमाशों का कुछ क्लू मिल सके। शनिवार रात नैनी में मड़कौनी निवासी राकेश कुमार का पुराने यमुना पुल के नीचे बदमाशों ने पर्स लूट लिया था। मोबाइल और बाइक छीनने का विरोध करने पर गोली मार दी थी। गोली राकेश के पैर और हाथ में लगी है। उनका इलाज चल रहा है। बदमाश स्कूटी से आए थे और नकाब पहने थे। इससे राकेश उनका चेहरा नहीं देख सके। पुलिस स्थानीय बदमाशों पर भी नजर रख रही है। मुखबिरों के जरिए संदिग्धों की लोकेशन खंगाल रही है। दो संदिश्धों से पूछताछ कर रही है। इंस्पेक्टर अपराध साजिद अली ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द ही लुटेरों को पकड़ लिया जाएगा।

## कोहडार पुल पर बाइक व ट्रक में भिड़ंत बाइक सवार दो युवकों की मौके पर दर्दनाक मौत

अखंड भारत संदेश

**करछना प्रयागरा।** थाना क्षेत्र के अरयी भस्मा निवासी दो युवक अपनी वाइक से किसी काम से कोहडार बाजार गये थे वहां से वापस अपने घर लौट रहे थे कि पुल पर तेज रफ़्तार ट्रक से आमने-सामने जोर दार टक्कर लगने से वाइक सवार दोनों युवकों की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हों गयी मेंजा बॉर्डर पर स्थित कोहडार पुल पर सोमवार रात 8: 30 बजे के करीब ट्रक व बाइक में जोरदार भिंडत हो गया। हादसे में बाइक सवार दोनों युवको की मौके पर मौत हो गई। यह दोनों युवक करछना क्षेत्र के भस्मा गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मौके पर सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक युवकों की पहचान परिचय पत्र एवं गाड़ी के नंबर से पहचान कर परिजनों को सूचित कर दिया है,

# मऊआइमा में सडक मरम्मतीकरण के नाम पर हो रहा है भ्रष्टाचार

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** हरिसेनगंज से महरौंडा तक सड़क का मरम्मतीकरण के नाम पर हो रहा है खेला। एक तरफ गिट्टियां उखड रही हैं दूसरी ओर तार कोल न के बराबर डालने का आरोप लगाया गया है।

प्राप्तजानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा हरिसेनगंज से महरौंडा तक पीडब्ल्यूडी द्वारा पांच किलोमीटर मरम्मतीकरण सड़क बनाने के नाम पर गुणवत्ता के विपरीत कार्य कराने का आरोप लगाया जा रहा है। बताया गया है कि महरौंडा गांव में नाली के पासिंग का पाइप न डालने से घरों का पानी सड़कों पर बह रहा है।

जिससे ऐसा प्रतीक हो रहा है जैसे सडक मरम्मतीकरण के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। आरोप है कि तार कोल के स्थान पर जला काला तेल डालने से बनते ही गिट्टियां उखड रही हैं। जिससे मनमानी साफ जाहिर हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से शिकायत की है। इस बाबत अवर अभियंता धनीराम से पूछा गया तो उन्होंने ने बताया कि नाली के लिए क्रासिंग पाइप डालने का कोई प्रावधान नहीं है जहां तक गुणवत्ता का सवाल है जांच करेंगे।

## प्रयागराज में भी नहीं लग सकी अंतिम मुहर

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज में भी यूपी बोर्ड के दसवीं और बारहवीं के परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी नहीं हो सकी। इस बारे में डीआईओएस पीएन सिंह ने बताया कि जिला समिति के सामने केंद्रों की अंतिम सूची उपलब्ध करा दी गई है। उम्मीद है कि सोमवार को इस पर अंतिम मुहर लग जाएगी। इसके बाद परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची यूपी बोर्ड मुख्यालय को क्षेत्रीय कार्यालय के माध्यम से उपलब्ध करा दी जाएगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के निरंतर आयोजन

## ग्राम पंचायत अल्हवा,जमुआ धूंस लखनपुर,अमिलियपाल, गाढ़ा, लौआकोन में यात्रा को दिया अंजाम,

अखंड भारत संदेश

**कोरांव, प्रयागराज।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के निरंतर चल रहे कार्यक्रमों में भाजपा विधायक राजमणि कोल ने ब्लॉक के सभी विभाग के अधिकारियों कर्म चारियों के साथ प्रतिभाग किया। विधायक ने भारत सरकार और केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जनता को अवगत कराया और सरकार की सराहना किया। कार्यक्रमों में संबंधित ग्राम के ग्राम प्रधान सचिव बीडीओ,एडीओ तथा भाजपा के बबुआन डुवेदी,रेवती पाल,संतरा देवी,रामाश्रय शुक्ल विधायक पी आर ओ,सहित तमाम समूहों की महिलाओं नागरिकों ने हिस्सा लिया।

# बेरोजगारी कर्जदारी से तंग बालू मजदूर ने फांसी लगा दे दी जान

## पोर्टल बंद होने से नही बना था राशन कार्ड

**अखंड भारत संदेश**





**घूरपुर।** घूरपुर के बीकर गांव में एक बालू मजदूर युवक ने रविवार की आधी रात फांसी के फंदे पर झूल अपनी जान गंवा दी। फांसी पर झूलते देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिए भेजा। परिजनों ने बताया कि विगत वर्षो से बालू खनन बंद होने से बेरोजगारी के कारण गरीबी का दंश झेल रहा था। इसी बीच एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी से ऋण ले लिया। कंपनी ने वसूली का दबाव बनाने लगी। जिससे तंग आकर अपनी मानसिक संतुलन खो बैठा और फांसी लगा कर जान दे दी।

बीकर गांव निवासी कृष्ण कुमार( 42 ) पुत्र रंग बहादुर निषाद अपनी पत्नी सुषमा देवी छः बेटी और एक बेटे के साथ जीवन यापन कर रहा था।

कोविड 19 के दौरान बीकर, देवरिया, कंजासा, बिरवल, जगजीशपुर व अन्य घाटों पर बालू खनन का कार्य पूर्णरूप से बंद होने से इलाके में बेरोजगारी की भयावह स्थिति खड़ी हो गयी है। परिवार में बच्चे - बच्चियों की शादी का सिलसिला जारी रहा बालू का खनन बंद होने से आमदनी बंद हो गई। परिजनों ने बताया कि कृष्ण कुमार ने भी बड़ी बेटी की शादी के लिए दो माइक्रो फाइनेंस एक 30हजार दूसरा 40 हजार रुपया कर्ज लिए।

कर्ज अदा करने के साथ परिवार चलाने का दबाव था, कोविड के दौर से कृष्ण कुमार राशन कार्ड जारी करने के लिए तहसील ब्लाक का कई बार चक्कर काटा, कभी सर्वर लो तो कभी बेबसाइड बंद होने का बहाना बता दिया जाता था। राशन कार्ड पोर्टल बंद होने के कारण पिछले डेढ़ वर्षो से न तो नया राशन कार्ड बन रहा है न ही यूनिट जुड़ रही है। कृष्ण कुमार को काम न मिलने के कारण समय से किस्त न अदा करने के दबाव से झल्लाए कृष्ण कुमार ने रविवार की रात घर में फांसी लगा आत्म हत्या कर जान दे दी। पुलिस ने घटना की लिखित जानकारी दी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिए भेजा।

### पत्नी सुषमा समेत अब छः बच्चो का कौन करेगा भरण पोषण बेटी काजल की शादी की थी तैयारी

कृष्ण कुमार निषाद की मौत के बाद पत्नी और छ बच्चों का जीवन यापन कैसे होगा। इसे लेकर गमगीन लोगों के बीच चचाएं होती रहीं। बताया जाता है कि एक बेटी की शादी द्वितीय कोरोना काल में कर चुका था। दूसरे नंबर की बेटी काजल की शादी तय हो चुका था। विवाह की तैयारी की जा रही थी। सिर्फ विवाह तिथि ही नहीं पड़ी थी। अब पत्नी सुषमा के सामने संकट आ खड़ा हुआ है कि अब बेटी की शादी कैसे हो पायेगी। पति की मौत के बाद पत्नी सुषमा का रो रो कर बुरा हाल हो गया। कई बार बेहोश हो गई थी। आसपास की महिलाएं सभांल रही थी। पूरा गांव गमगीन हो गया था।

# बरांडा मार्केट में लगी आग, सौंदर्य प्रसाधन की चार दुकानें जलकर राख, लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** संगमनगरी में भीड़ से भरे रहने वाले बरांडा मार्केट में सोमवार की रात भीषण आग लगने से सौंदर्य प्रसाधन की चार दुकानें जलकर राख हो गईं। जिस समय आग लगी, उस वक्त मार्केट की संकरी गलियों में खरीदारी करने वाली महिलाओं की भीड़ लगी थी। धुएं के गुबार के साथ लपटें उठने पर चीख-पुकार मच गई। चंद कदम की दूरी पर स्थित कोतवाली को आग लगने की जानकारी मिलने के बाद कुछ देर में ही फायर ब्रिगेड के वाहन पहुंच गए और आग फैलने से रोक लिया गया। वरना बड़ी अनहोनी हो सकती थी। जानकारी के मुताबिक, 150 से अधिक सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों वाले बरांडा मार्केट में आग लगने की यह घटना रात 8:30 बजे के आसपास हुई।



कॉस्मेटिक की दुकान में किसी तरह फैली चिंगारी ने देखते-देखते विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें उठते ही पूरे मार्केट में भगदड़ मच गई। दुकानदार और खरीदार जान बचाकर भागने लगे। हालांकि फायर ब्रिगेड की तत्परता से आग पर नियंत्रण पा लिया गया, लेकिन तब तक चार दुकानें जलकर राख हो चुकी थीं। इस आग की घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जसरा पहुंचे एमएलसी

## मोदी की अगुवाई में हो रहा देश का विकाश:के पी श्रीवास्तव





**अखंड भारत संदेश**

**जसरा, प्रयागराज।** सोमवार को देश के प्रधानमंत्री द्वारा संचालित कार्यक्रम पंचायत भवन जसरा में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी प्रयागराज के पी श्रीवास्तव पहुंच कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात उन्होंने कहा कि आपके एक वोट से मोदी जी विश्व के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री हैं। उनकी अगुवाई में आज देश विकास के सर्वोच्च शिखर पर पहुंच चुका है। भाजपा की मोदी सरकार ने समाज के हर वर्ग का विकाश किया है। उन्होने कहा की केन्द्र सरकार के द्वारा महिलाओं और पुरुषों के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही है जिससे हर वर्ग के लोग आज उसका लाभ ले रहे है। इसी क्रम में उन्होंने किसान सम्मान निधि पाने वाले रामचंद्र सोनकर, राजेश कुशवाहा, दिलीप यादव, अनूप जायसवाल को बहु-उद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स) बहु-उद्देश्यीय लैंपस लिमिटेड का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मौजूद मण्डल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने कहा माननीय मोदी जी का लक्ष्य है कि समाज के अंतिम पायदान पर वंचित व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचाना। कोई भी व्यक्ति सरकार की सुविधाओं से वंचित न रह जाए और आने वाले 2024 के लोक सभा चुनाव में एक बार फिर मोदी सरकार बनाने के लिए लोगों से आग्रह किया।

कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी जसरा अनीस अंसारी, हरीराम त्रिपाठी, राजा बाबू पाठक,जिला मनकमलेश त्रिपाठी,प्रधान आशीष सोनकर ,जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र पटेल, सुधांशु मिश्रा, प्राचार्या मनीषा यादव, जयवीर सिंह कृषि विभाग, दिलीप त्रिपाठी, भूपेंद्र पाठक, विज्ञान प्रभाकर शुक्ला ,मनीष यादव, जयवीर सिंह ,गौतम सिंह, आलोक द्विवेदी, गौतम सिंह कृषि विभाग, डॉ उदय राज टीवी रोग विशेषज्ञ, डॉ महिमा सिंह, सचिन श्याम लाल तिवारी, धर्मेंद्र कुशवाहा अभय राज सिंह आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



# संगम सभागार में गंगा सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सोमवार को संगम सभागार में गंगा सुरक्षा समिति की बैठक डीएफओ महावीर कौजलांगी द्वारा ली गईं। जीवनधारा नमामि गंगे संस्था से डॉ हरिओम शर्मा एवं प्रतिनिधि मण्डल द्वारा इसमे विशेष रूप से प्रतिभाग किया गया।

जिला गंगा समिति के सदस्यों से गंगा ग्रामों में ठोस एवं तरल अपशिष्टों के निस्तारण एव प्रबन्धन स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)-2 एवं अर्थ गंगा मिशन, प्राकृतिक कृषि मे बढ़ावा, गंगा ग्राम तालाब/अमृत सरोवर योजना, गंगा चबूतरा, आर्थिक स्वरोजगार स्वावलम्बन योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रोत्साहन, लोकल-टू-वोकल योजना के अन्तर्गत स्थानीय हस्तशिल्प उत्पादों जैसे टोकरे, बास्केट, रस्सी आदि के कामगारों को प्रोत्साहन करने हेतु विभाग से चर्चा की गयी साथ ही चयनित आगामी योजना श्रृंगवेरपुर क्षेत्र के 2 गंगा ग्रामों/घाटों तथा गंगा बेसिन में औद्योगिक यूनिट ईंट भट्टा, खनन क्षेत्र का अवलोकन एवं भ्रमण करने के बारे में अवगत कराया। प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा प्रयागराज में चल रहे गंगा संरक्षण एवं पर्यावरण पर विभिन्न कार्यों की जानकारी के बारे में अवगत कराया गया तथा नदियों में मूर्ति विसर्जन रोकने हेतु जिला स्तरीय कमेटी का गठन एवं जन जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया गया।

# बार एसोसिएशन मेजा चुनाव की तिथि बढ़ी

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा, प्रयागराज।** बार एसोसिएशन मेजा सत्र 2023 -24 का चुनाव 22 दिसंबर से बढ़ाकर 5 जनवरी को निर्धारित की गई। निर्वाचन अधिकारी हीरालाल मिश्र ने बताया कि प्रत्याशियों के विशेष अनुरोध पर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष अरूण कुमार तिवारी द्वारा सदस्य बनने की तिथि बढ़ाकर 15 कर दी गयी है। 18 को मतदाता सूची का प्रकाशन, 19 को आपत्तियों का निस्तारण, 20 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन एवं 21 व 22 दिसंबर को नामांकन तथा 23 को नामांकन पत्रों की जाँच तथा पर्चा वापसी होगी। 5 जनवरी को 10 बजे से सायं काल 5 बजे तक मतदान होगा तथा उसी दिन मतदान के पश्चात मत गणना करके परिणाम घोषित कर दिया जायेगा।

### नरेंद्र गिरि आत्महत्या कांड

# फिर हाजिर नहीं हुए अमरगिरी कोर्ट ने जारी किया समन, सुनवाई दो जनवरी को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बाघम्बरी मठ के महंत नरेंद्र गिरि के आत्म हत्याकांड मामले में वादी मुकदमा अमर गिरि सोमवार को अदालत में फिर नही हाजिर हुए। विचाराधीन मुकदमे में गवाही शुरू हो गई है। अमर गिरी वादी मुकदमा और मुकदमे के पहले गवाह है बिना वादी मुकदमा की गवाही पूरा किए अदालत दूसरे गवाह को नही बुला सकती थी।

पिछले कई नियत तिथियों से अमर गिरी लगातार गैर हाजिर रहने पर अभियोजन के अर्जी पर अदालत ने पहले अमर गिरी के विरुद्ध बी डब्लू फिर बाद में एनपीडब्ल्यू जारी किया था। पिछले नियत तिथि पर सीबीआई ने हिरासत में लेकर अमर गिरी को अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया था। अमर गिरी की ओर से अदालत में प्रार्थना पत्र दिया गया था कि वह नियत तिथि पर स्वयं हाजिर रहेंगे, जिस पर पूर्व में जारी एमपीडब्ल्यू अदालत में वापस कर लिया था। सीबीआई के विशेष अधिवक्ता एके तिवारी और जिला शासकीय अधिवक्ता गुलाबचंद अग्रहरि ने बताया कि अमर गिरी की अभी गवाही पूरी नही हो सकी है। गवाही पूरी करने के लिए अदालत ने दो जनवरी की तिथि नियत किया है।

# मेजा के लाल का फ्रांस में डंका, बजरंग पाण्डेय ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 100 मीटर की दौड़ में जीता स्वर्ण पदक

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** फ्रांस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स खेल प्रतियोगिता गेम मे 100 मीटर कि दौड़ मे 10-2 का समय देकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया ।विकास खंड मेजा के सिंहपुर गाँव निवासी बजरंग पाण्डेय 9 वें अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स खेल गेम मे सीनियर राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में छःदेश प्रतिभाग किया। जिसमे श्रीलका,नीदर लैंड, न्यूजीलैंड,साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड,भारत उत्तर प्रदेश की ओर से एथलीट टीम में भाग लिया था,जिसमें वह सभी को पछाड़ कर गोल्ड मेडल अपने नाम कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। बजरंग पांडेय को 2024 में यूथ ओलम्पिक आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय एथलीट प्रतियोगिता के लिए चयनित कर लिया गया है।



# विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों ने राम जन्मभूमि के तत्वावधान में निकली कलशयात्रा

## माधव भवन से चलकर मजारोड चौराहा होते हुए सिरसा रोड रेलवे लाइन से संघ कार्यालय पहुंचा कलश यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा, प्रयागराज।** प्रयागराज मेजा रोड बाजार में सोमवार दोपहर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र के तत्वावधान में विशाल कलशयात्रा निकाली गई। जिसमें विश्व हिन्दू परिषद समेत कई लोगों ने अपनी सहभागिता निभाई। बता दें कि अयोध्या से आए धमार्चार्य एवं पूज्य संतों द्वारा पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें संघ कार्यालय माधव भवन से विशाल कलश यात्रा चलकर मेजा रोड चौराहा से मिजार्पुर रोड पावर हाउस, कोरांव रोड हनुमान मंदिर, प्रयागराज रोड डीजीएस गेस्ट हाउस से सिरसा रोड रेलवे लाइन के किनारे से संघ कार्यालय पर पहुंचे। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। विशाल कलशयात्रा में जिला प्रचारक यमुनापार आलोक कुमार, विहिप संगठन मंत्री विनोद कुमार, विहिप के शंकरदेव त्रिपाठी, पूर्व विधायक नीलम करवरिया, जिलाध्यक्ष यमुनापार विनोद प्रजापति, भाजपा नेता जयशंकर पाण्डेय, सह संपर्क यमुनापार नागर गुप्ता, भाजपा नेता राजू शुक्ला, विनय शुक्ला, राजकुमार, अभय सिंह, सुरेश, संग्राम, दिनेश तिवारी, सिंटू सेठ सहित कई विहिप के पदाधिकारी व भाजपा नेता मौजूद रहे।

# ग्रामीण उत्थान सेवा समिति के स्वास्थ्य शिविर में लोगों का किया गया निशुल्क उपचार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** करैली थानांतर्गत बिसौना सादात में ग्रामीण उत्थान सेवा समिति की ओर से लगे स्वास्थ शिविर का इलाहाबाद हाईकोर्ट के माननीय न्यायाधीश शमीम अहमद ने फीता काट कर उद्घाटन किया।नाज मल्टिस्पेशियलीटी हास्पिटल आई हास्पिटल व पैथालोजी के डाक्टरों की टीम ने लगभग नौ सौ पचासी ग्रामीणों का विधिवत उपचार परामर्श व मुफ्त दवाई दी शुगर बीपी थाइराइड व श्वास रोगियों की जांच की। गायनोलाजिस्ट डॉ नाज फात्मा ,एम बी बी एस डीएनबी मेडीसीन डॉ ईशान जैदी ,जनरल फिजीशियंस डॉ जमशेद अली , दंत रोग विशेषज्ञ डॉ ए मुस्तफा ,आई स्पेशियलिस्ट डॉ अभिषेक कनौजिया , पैथालोजिस्ट मोहम्मद परवेज , नाज मल्टिस्पेशियलीटी हास्पिटल के मैनेजर अर्सलान खान ,आई हास्पिटल व पैरामेडिकल कालेज प्रबंधक सैय्यद मोहम्मद अस्करी आदि टीम में शामिल रहे। शाहिद प्रधान द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में जहां न्यायाधीश शमीम अहमद का बुके व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया वहीं डाक्टरों की टीम को भी मोमेन्टो देकर निःशुल्क चिकित्सा शिविर में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।सम्मान समारोह का संचालन योगेश चन्द्र यादव ने किया। इंजीनियर मुशीर अब्बास के आवास में लगे स्वास्थ शिविर में यूनिटी कालेज के प्रबन्धक डॉ रिजवान हैदर , अब्दुल सलमान ,शकील अब्बास ,सैफ फरीदी , मोहम्मद आसिफ ,जहूर मेंहदी ,असद आलम ,फजल अब्बास ,शबीह रिजवी ,इब्ने अब्बास फुजैल खान ,फरजन ,आसिफ अब्बास आदि के साथ जूनियर डॉक्टरों की टीम में सारा ,ऐश्वर्या ,सबा ,मुस्कान ,खुशी केसरवानी ,कोमल वर्मा ,आनन्द यादव ,मयंक मिश्रा ,सुमित यादव ,अहमद हुसैन ,आशीष वर्मा ,ईश्वरमणि त्रिपाठी आदि शामिल रहे।



# उरुवा के मदरा गांव की बेटी प्रिया का हुआ महिला आई पी एल में चयन खुशी का माहौल

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** विकास खंड उरूवा के मदरा गांव की बेटी

का (महिला) आईपीएल के दूसरे सीजन में चयन होने पर क्षेत्र में खुशी व्याप्त है।गौरतलब है कि उक्त गांव के संदीप मिश्रा सपरिवार दिल्ली में रहकर प्राइवेट जॉब करते हैं। गांव में उनके माता-पिता के अलावा कोई नहीं है। प्रिया की पढ़ाई लिखाई भी दिल्ली से हुई है। प्रिया मिश्रा की रूचि बचपन से क्रिकेट खेलने की रही है। बेटी का खेल के प्रति ललक को देखते हुए पिता ने उसका भरपूर सहयोग दिया। प्रिया के वुमेन आईपीएल सीजन में चयन के बाद मेजा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

# किसानों की समस्या को लेकर मजदूर किसान संघर्ष समिति ने किया आंदोलन

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव, प्रयागराज।** बारा तहसील अंतर्गत जसरा बाईपास पर दिन सोमवार को मजदूर किसान संघर्ष समिति के बैनर तले किसान नेता के के मिश्रा के नेतृत्व में जसरा बाईपास का हो रहे निर्माण कार्य में किसानों की भूमि को बिना उचित मुआवजा के अधिग्रहण करना जिले में धान क्रय केंद्रों में बिचौलियों के माध्यम से धान खरीद करना डी ए पी खाद की कालाबाजारी रोकना और किसानों को सुगमता से उपलब्ध कराना एवम एनटीपीसी बारा से निकलने वाली राखण से ही क्रेशर प्लांटो द्वारा किए गए गड्ढों की पटाई करने समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर लेकर यात्रा निकलाते हुए जोरदार आंदोलन किया।उल्लेखनीय है की इस दौरान किसान नेता अपनी नई पार्टी मजदूर किसान संघर्ष समिति का ऐलान किया और कहा की आज किसानों के नाम पर बड़ी बड़ी संगठन चलाने वालो का किसान हितों से सरोकार नहीं है और यदि कोई किसान नेता किसानों के लिए संघर्ष करता है तो शीर्ष पर बैठे लोग उल्टे आंदोलनकारियों पर ही दबाव बनाने लगते है इसी वजह यह संगठन बनाने की आवश्यकता पड़ी और यह समिति किसानों के हर संघर्ष करने को तैयार है।



चर्चित किसान नेता पिंटू चौबे जिला पंचायत सदस्य ने अपने संबोधन में कहा की यदि शीघ्र ही किसानों की मांगे नही मानी गई तो किसान बड़ा आंदोलन करने और जिला मुख्यालय घेरने के लिए बाध्य होगा जिसकी जिम्मेवारी शासन प्रशासन की होगी। कार्यक्रम का संचालन राजेश पांडे चर्चित किसान नेता ने किया।उक्त आंदोलन में मुख्य रूप से राजू चौबे पूर्व प्रधान अनिल बिंद रीनू भारतीय ललऊ यादव बब्बन सिंह मंगला कोल अरुण कुमार शुक्ला प्रकाश पटेल ओम प्रकाश कुशवाहा अशर्फी लाल रजक धर्मेंद्र कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर पलटने से युवक घायल

**फूलपुर।** गेहूं के खेत की जुताई करने जा रहा ट्रैक्टर संतुलन बिगड़ने से अनियंत्रित होकर बगल गड्ढे में पलट गया। ट्रैक्टर पलटने से चालक विजय कुमार 20 पुत्र प्यारेलाल बिंद गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीण ट्रैक्टर से किसी तरह चालक को बाहर निकाल प्रयागराज स्थित निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। फूलपुर कमिश्नरेट थाना क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत आटा गांव निवासी विजय कुमार 20 पुत्र प्यारेलाल बिंद अपने ट्रैक्टर से गांव के किसानों का खेत जुताई के लिए सोमवार दोपहर जा रहा था। खेतों की जुताई करते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बगल 10 फीट गहरे गड्ढे में जाकर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने से चालक विजय कुमार नीचे दब गया और जोर से चिल्लाने लगा।

# युवक की हादसे में मौत, बाल-बाल बचा छोटा भाई

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** मोटरसाइकिल बनवाने जा रहा एक युवक हादसे का शिकार हो गया। जबकि साथ में रहा छोटा भाई बाल-बाल बच गया। मृतक मध्य प्रदेश के रीवा जनपद के जनेह का निवासी था। यह हादसा यूपी के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में (चिल्ला मार्ग के गदामार गांव के पास) हुआ। सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने आगे की कार्यवाही की।

जानकारी के मुताबिक समीपवर्ती जनपद रीवा (मध्य प्रदेश) के जनेह थाना क्षेत्र के सराई गांव निवासी यज्ञ नारायण (25) पुत्र छोटेलाल की बाइक खराब हो गई थी। बाइक बनवाने के लिए वह अपने सोनू की मोटरसाइकिल में रस्सी से बाइक टोचन कर शंकरगढ़ ला रहा था। जैसे ही वह गदामार



गांव के पास पहुंचा, तभी सोनू की बाइक के सामने से एक सियार निकला। सियार से बचने के लिए छोटे भाई ने मोटरसाइकिल को साइड में किया, तभी सामने से आ रहे टेंपो ने पीछे रस्सी में बंधे मोटरसाइकिल सवार यज्ञ नारायण को टक्कर मार दी, जिससे यज्ञ नारायण सड़क पर गिर गया। सिर में अंदरूनी चोट के चलते वह बेहोश हो गया। छोटे भाई ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायल को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शंकरगढ़ लाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना शंकरगढ़ पुलिस को दी गई। मौके पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर चीरघर भेजा। इस हादसे की सूचना मिलते ही रोते-बिलखते परिजन भी सीएचसी शंकरगढ़ पहुंच गए थे। छोटे भाई सोनू ने बताया कि यज्ञ नारायण की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी। उसके कोई बच्चे नहीं है।

# नवनिर्मित आदर्श भोजनालय व जनसुनवाई कक्ष का एसपी ने किया उद्घाटन

### ग्राम प्रहरियों को वितरित किया गया शीतकालीन वस्त्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के कोतवाली कुन्डा में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र, सीओ कुन्डा अजीत कुमार सिंह व सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर के साथ कोतवाली कुन्डा में नवनिर्मित आदर्श भोजनालय व जनसुनवाई कक्ष मीटिंग हल का उद्घाटन थानें में नियुक्त महिला आरक्षी द्वारा कराया गया।

इस उद्घाटन समारोह में शामिल ग्राम प्रहरियों को शीतकालीन वस्त्र वितरित किया गया व ग्राम प्रहरियों को शीत ऋतु में सतर्क रहने हेतु आवश्यक जानकारी दी गयी। साथ ही कोतवाली परिसर में भ्रमणशील रहकर कोतवाली के मूलभूत व्यवस्थाओं/साफ-सफाई को चेक कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये। प्रतापगढ़ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार पाल की प्रशंसा करते हुये उन्होंने कहा कि कमलेश कुमार ने लालगंज थाना का सौंदर्यकरण करवाया और अब कुन्डा में भी कोतवाली का सौंदरीकरण करवा कर पुलिस महकमें का नाम रोशन किया है। इसके पूर्व प्रभारी निरीक्षक उदयवीर का भी एसपी ने प्रशंसा की उन्होंने कहा कि कुन्डा कोतवाली में तैनात रहे उदयवीर का भी मूलभूत सुविधाओं में काफी बदलाव व सहयोग रहा निर्माण शुरू किया था उसके बाद कमलेश कुमार ने कार्य को पूरा करते हुये कोतवाली का सौंदर्यकरण करवाने का काम किया है। एसपी सतपाल अंतिल ने जब से जिले की कमान संभाली है तब से लगातार कानून व्यवस्था के साथ-साथ जिले के विभिन्न थानों का सौंदर्यकरण करवाने का काम किया है। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल के साथ उद्घाटन समारोह कार्यक्रम में पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र, उपजिलाधिकारी कुन्डा भरत राम सीओ कुन्डा अजीत कुमार सिंह, व सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर रहे। मंत्रोच्चार विधिवत पूजा अर्चन कर के कार्यक्रम को शुभारंभ किया। उद्घाटन कार्यक्रम के इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष पति शिव कुमार तिवारी, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह, समाज सेवी राजेश प्रभाकर सिंह, जनसत्ता दल ब्लाक अध्यक्ष विनोद यादव निराला, कोतवाली के एसएसआई, एसआई पूरे स्टाफ के साथ साथ चैकी इंचार्ज मनगढ़ स्टाप सहित, थाना प्रभारी महेशगंज, थाना प्रभारी बाघराय आदि मौजूद रहे।



जनसुनवाई कक्ष के उद्घाटन अवसर पर मौजूद एसपी व अधिकारी।

# पीआरडी जवानों को नियमित मिल रहा रोजगार व सम्मानः विधायक

### स्टेडियम में मना पीआरडी का 75वां स्थापना दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला स्टेडियम में सोमवार को पीआरडी के 75वे स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि पीआरडी जवानों के लिए योगी सरकार ने बहुत अच्छा कार्य किया है। अब उन्हें साल भर बराबर जहां रोजगार मिलता है, वही उनका सम्मान भी बरकरार है। उन्हें मानदेय भी समय से मिल रहा है।

श्री मौर्य ने कहा कि पीआरडी के जवान भी पुलिस वालों की तरह ही न केवल ट्रैफिक की व्यवस्था संभाल रहे हैं बल्कि आंतरिक सुरक्षा में बराबर की भागीदारी निभा रहे हैं। पीआरडी के जवानों ने मार्च पास्ट करते हुए सदर विधायक की अगवानी की तथा उनके अधिकारियों ने सदर विधायक का सम्मान किया।

विधायक राजेंद्र मौर्य ने भी कहा कि पीआरडी जवानों की समस्याओं को भी वह शासन तक सत्ता तक पहुंच पहुंचाएंगे और आने वाले समय में उन्हें और भी सहूलियतें दिलाने के लिए प्रयास करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान केशव कुमार सिंह, अविनाश मल्ल, अभिनव शुक्ला, आशुतोष उपाध्याय, राधेश्याम तिवारी, दयाशंकर पाठक, अशोक प्रजापति, जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम राज, सदर विधायक के प्रतिनिधि अरुण कुमार मौर्य सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।



स्थापना दिवस समारोह में मौजूद सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

# सुब्रमण्यम भारती हिन्दी तमिल भाषा की सेतुः प्राचार्य

### एमडीपीजी कालेज में भारतीय भाषा उत्सव का हुआ आयोजन



एमडीपीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में बोलते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में हिंदी विभाग की ओर से सुब्रमण्यम भारती और भारतीय भाषा उत्सव पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सुब्रमण्यम भारती की रचना धर्मिता, राष्ट्रवादी आंदोलन में उनकी भूमिका एवं उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने भारती जी को हिंदी तमिल भाषा का सेतु कहा।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से गंगा गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक अपने रूप गुण के कारण चर्चित रहती हैं, उसी प्रकार सुब्रमण्यम भारती जी अपनी रचनात्मक और राष्ट्रवाद के कारण हिंदी तमिल संगम में लोकप्रिय रहे हैं। सुब्रमण्यम भारती से संबंधित पहला आयोजन वनविल कल्चर सेंटर तमिलनाडु में 2020 में अंतर्राष्ट्रीय भारतीय महोत्सव करके शुरू किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर को काशी तमिल संगम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संयोजन प्रो ऊषा तिवारी ने तथा संचालन डॉ. अरुण कुमार मिश्र ने किया। सभा में प्रो ऊषा तिवारी, प्रो. किरण मिश्रा, प्रो. गीता शुक्ला, प्रो. निशा सिंह, डॉ. रेखा मिश्रा, डॉ. अरुण कुमार वर्मा, मुक्त वर्मा, डॉ. अरविन्द मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन का करा लिया बैनामा, दो पर केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जालसाजी करके फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन का बैनामा करा लेने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे हरजू नोती गांव निवासी मो. सईद पुत्र फतेह मोहम्मद के अनुसार गांव के राजा हुसैन पुत्र जलील अपने साथी चांद बाबू पुत्र शखावत निवासी शिवगढ़ मितई के साथ मिलीभगत करके इलाज कराने के बहाने धोखे से उसे आठ अगस्त को लालगंज ले आये। यहां फर्जी दस्तावेज तैयार करके उसकी जमीन का बैनामा करा लिया। आरोपियों ने पीड़ित के खाते में साढ़े तीन लाख रुपए भेजने की बात भी कही। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित ने बैंक स्टेटमेंट निकलवाया तो उसमें आरोपियों द्वारा पैसा न भेजे जाने की बात सामने आयी। मामले को लेकर पीड़ित ने दस दिसंबर को पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बहुत ही मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे जमुना पाण्डेयः जिलाध्यक्ष

### स्व0 जमुना पाण्डेय को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कार्यालय, इन्दिरा भवन, अम्बेडकर चैराहा पर कांग्रेस नेता स्व.जमुना पाण्डेय की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी एवम संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया।

अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि स्व. जमुना प्रसाद पाण्डेय का स्वभाव सरल, सहज के साथ साथ बहुत ही मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। उनका इतनी जल्दी जाना प्रतापगढ़ कांग्रेस परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति है। पीसीसी सदस्य डॉ. प्रशान्त देव शुक्ला ने कहा कि स्व जमुना प्रसाद पाण्डेय कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे, हमेशा कांग्रेस के लिए जिए। यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि स्व.जमुना प्रसाद पाण्डेय जी खुश दिल मिजाज एवम नेक दिल इंसान थे। उनके द्वारा गरीबों के लिए किए गए नेकी को शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। संचालन कर रहे नगर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि स्व.जमुना प्रसाद पाण्डेय खाटी कांग्रेसी थे, उनसे ज्यादा धर्यवान व्यक्ति मिलना मुश्किल है।

उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना किया कि स्व. जमुना प्रसाद पाण्डेय को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और उनके परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। श्रद्धांजलि सभा को मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंग प्रकाश मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. वीके सिंह, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष/कार्यालय प्रभारी वेदान्त तिवारी, अब्दुल माबूद, राम रतन तिवारी, लल्लन सिंह, सूर्य प्रकाश शुक्ला, राम अवध यादव, उमेश तिवारी, बेलाल अहमद, राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, अजीत सिंह, विश्वास सिंह, रामू पाण्डेय, संजय इश्तियाक, सुभाष चंद्र, अभय किशोर त्रिपाठी ने सम्बोधित किया।



मौन रखकर स्व0 जमुना पाण्डेय को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

## अवैध कब्जा व धमकी को लेकर पीड़ित ने एसपी से की कार्रवाई की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के भैंसना गांव निवासी रामलौटन वर्मा ने एसपी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर गांव के दबंगो पर मारपीट व जानलेवा धमकी का आरोप लगाया है। गांव निवासी पीड़ित ने सोमवार को एसपी को भेजे गए शिकायती पत्र में कहा है कि गांव के आधा दर्जन लोग उसके घर के सामने मौजूद ग्रामसभा की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर आरोपीगण गाली व धमकी देते हुए मारपीट पर अमादा हो जाते हैं। पीड़ित ने एसपी से उचित कार्रवाई की गुहार की है।

# नहीं रही राजकली, प्रमोद व मोना समेत जनप्रतिनिधियों ने जतायी संवेदना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुर बावली के समीप अनेहरा गांव की पूर्व प्रधान एवं मोठिन स्थित रमाशंकर शुक्ल महाविद्यालय समेत कई शिक्षण संस्थानों की संस्थापिका राजकली शुक्ला 80 का रविवार की देर रात आकस्मिक निधन हो गया। स्व. राजकली गांव के पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी पं. रमाशंकर शुक्ल लल्लू महराज की पत्नी भी थी। राजकली के निधन की जानकारी सोमवार को लोगों को हुई तो बड़ी संख्या में लोग शोक संवेदना प्रकट करने पं. रमाशंकर शुक्ल के आवास पहुंच गये। निधन की जानकारी पाकर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने भी परिजनों से फोनिक वार्ता कर संवेदना प्रकट की। वहीं जनसत्ता दल के प्रदेश अध्यक्ष व बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने भी राजकली के निधन पर दुख जताया। संवेदना प्रकट करने वालों में पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष डा. चन्द्रेश सिंह, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ला, सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्राचार्य सर्वेश तिवारी, जिपंस दिलीप पाण्डेय, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष राजेश पाण्डेय, पूर्व उप प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल, सुनील त्रिपाठी, महन्त दुबे, राकेश चतुवेर्दी, डा. विनय शुक्ल, महासचिव रवीन्द्र मिश्र, अधिवक्ता अरूण तिवारी आदि रहे। वहीं पोस्ट मास्टर रामकृष्ण शुक्ल तथा समाजसेवी बलराम शुक्ला व प्रधान दिवाकर शुक्ल की मां के निधन पर क्षेत्रीय प्रधानों एवं बीडीसी सदस्यों ने भी बैठक के जरिए श्रद्धाजलि अर्पित की है।

## मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के लिये 27 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया है कि मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना (एम0एम0जी0आर0वाई0) अंतर्गत अधिकतम ऋण सीमा रुपए 10 लाख तक निर्धारित है। वित्त पोषण की व्यवस्था सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकों के माध्यम से कराया जाता है।

योजना के अंतर्गत पूंजीगत ऋण धनराशि पर ब्याज उपादान भुगतान की व्यवस्था है जिसके अंतर्गत सामान्य वर्ग के पुरुष अभ्यर्थी को पूंजीगत ऋण पर 4 प्रतिशत ब्याज भुगतान का करना पड़ता है तथा शेष ब्याज का भुगतान ब्याज उपादान के रूप में किए जाने का प्राविधान है एवं महिला तथा अन्य आरक्षित वर्ग हेतु ब्याज की संपूर्ण धनराशि का भुगतान विभाग द्वारा किया जाएगा। योजना के अंतर्गत सामान्य वर्ग के लाभार्थी को प्रोजेक्ट कॉस्ट का 10 प्रतिशत एवं महिला तथा अन्य आरक्षित वर्ग हेतु 5 प्रतिशत अंशदान स्वयं लगाना अनिवार्य है।

ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार/ परंपरागत कारीगर एवं आईटीआई आदि योग्यता धारण करने वाले अभ्यर्थी 27 दिसंबर 2023 तक ऑनलाइन वेबसाइट पर फॉर्म भरकर आवेदन की हार्ड कॉपी कार्यालय कर दिवस में जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पद पर कर सकते है। उन्होंने भी बताया है कि मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना वर्ष 2023-24 हेतु ऋण आवेदन प्राप्त करने के लिए मुख्यालय लखनऊ से लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसका क्रियान्वयन 6 अक्टूबर 2023 से बंद कर दिया गया था। मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड लखनऊ के द्वारा 6 दिसंबर 2023 से योजना पुनः प्रारंभ कर दी गई है तथा वित्तीय वर्ष के अवशेष लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश जारी किया गया है।

## जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लगायी गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के माधव मिश्र का पुरवा भैंसना गांव की मंजू पत्नी राज नारायण वर्मा ने एसपी को शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि गांव के दबन्ग जबरन उसकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर बाइस नवंबर को आरोपियों ने उसे व उसकी देवरानी को लाठी डण्डे से मारापीटा। पीड़िता ने मामले की तहरीर पुलिस को दी लेकिन जांच के नाम पर पुलिस ने कार्रवाई नही किया। परेशान पीड़िता ने सोमवार को एसपी को शिकायती प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगायी है।

# समाजसेवी संजय मिश्रा ने निभाया अपना वादा

### मृतक काशी प्रसाद मिश्रा की सुपुत्री का विवाह कराया संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** भरे बाजार में ऑटो चालक काशी प्रसाद मिश्रा की हत्या के बाद परिवार पर मंडराते हुए संकट के बादल से अवगत होते हुए प्रसिद्ध समाजसेवी संजय मिश्रा ने उनकी पुत्री की शादी के लिए संपूर्ण खर्च उठाने के लिए वादा किया था, उन्होंने 9 दिसंबर को उनकी बेटी की शादी को हिंदू रीति रिवाज से सभी रस्मों को पूरा करते हुए पूरा कराया, जिस पर सभी लोग उनकी प्रशंसा कर रहे हैं।

मृतक काशी प्रसाद मिश्रा की बेटी की शादी 9 दिसंबर को थी काशी प्रसाद मिश्रा की हत्या के बाद सबसे बड़ा संकट यही था कि किस प्रकार से उनकी बेटी तनु मिश्रा की शादी होगी, लेकिन समाजसेवी संजय मिश्रा ने अपना हाथ आगे बढ़ाया और तनु मिश्रा की शादी कराने का वादा कर दिया। 9 दिसंबर को तनु मिश्रा की शादी में उन्होंने कन्यापूजन किया सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया और परिवार को कोई तकलीफ महसूस नही होने दिया। शादी कार्यक्रम में प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता पट्टी के विधायक राम सिंह पटेल सहित कई बड़ी हस्तियां पहुंची साथ ही साथ कई समाज से भी संगठनों ने भी अपना हाथ बढ़ाया इस संबंध में समाजसेवी संजय मिश्रा से बात करने पर उन्होंने बताया कि काशी प्रसाद मिश्रा की हत्या के बाद शादी की संपूर्ण जिम्मेदारी हमने उठाई थी हमने वादा पूरा किया है समाज की सेवा करना हमारे लिए सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है जो हमेशा करता रहूंगा। पट्टी की आराध्य जनता के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हूं।



दूल्हा-दूल्हन को अपना आशीर्वाद देते समाजसेवी संजय मिश्रा।

# हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### तमंचा व मोटरसाइकिल बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना जेठवारा के दुन्दा का पुरवा भावनपुर में एक व्यक्ति के उपर जानलेवा हमले का प्रयास किया गया था। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जेठवारा में मु0अ0सं0 283/2023 धारा 504, 307 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना जेठवारा से उ0नि0 बंशीधर राय मय हमराह मु0आरक्षी अमित यादव, मु0आरक्षी अकबर खान, आरक्षी सुनील सरोज, आरक्षी रोहित शुक्ला, आरक्षी अमित यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना जेठवारा में मु0अ0सं0 283/2023 धारा 504, 307 भादवि से सम्बन्धित दो अभियुक्तों दीपक सरोज पुत्र नन्हेंलाल नि0ग्राम पूरेसुखदेव पट्टी थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ व आशीष गौतम पुत्र रामकिशोर नि0ग्राम सरायदेवराय थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र जेठवारा के ग्राम दुन्दा का पुरवा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त दीपक सरोज के पास से घटना में प्रयुक्त 01 अदद अवैध तमन्चा 315 बोर व 05 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 खोखा कारतूस 315 बोर तथा अभियुक्त आशीष गौतम के पास से 01 अदद अवैध तमन्चा .32 बोर व 01 जिन्दा कारतूस .32 बोर व 01 खोखा कारतूस बरामद किया गया व काली अपाचे मोटर साइकिल नम्बर यूपी 72 डब्लयू 6041 को सीज किया गया। अन्य 01 अभियुक्त भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया जिसको चिन्हित कर लिया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में अभियोग उपरोक्त में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। पुलिस टीम में उ0नि0 बंशीधर राय मय हमराह मु0आरक्षी अमित यादव, मु0आरक्षी अकबर खान, आरक्षी सुनील सरोज, आरक्षी रोहित शुक्ला, आरक्षी अमित यादव थाना जेठवारा, जनपद प्रतापगढ़ शामिल रहे।

## देशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना सांगीपुर से उ0नि0 राजेश कमार शुक्ला मय हमराह व आबकारी निरीक्षक लालंगज द्वारा संयुक्त रूप से देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम सरूआ के पास से जीतलाल वर्मा पुत्र गिरधारी वर्मा निवासी ग्राम सरूआ थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को 95 अदद नाजायज देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 349/2023 धारा 60 आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## चोरी की मोटर साइकिल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरन्तर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 विनय कुमार सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0-832/23 धारा 379/411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्तगणों अक्षय मौर्या पुत्र लालबहादुर मौर्या निवासी खदेरूआपुर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ व मो0 शमशाद पुत्र मो0 सईद निवासी खदेरूआपुर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के रामलीला मैदान के पास रेलवे अंडरपास के नीचे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम दोनो दोस्त हैं। हम दोनों ने 09 दिसम्बर को स्कूल वार्ड में रजत मैरेज हाल से पल्सर मोटर साइकिल चोरी की थी, जिसे आज हम लोग बेचने जा रहे थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

# शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, हजारों का सामान जलकर राख

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग से हजारों का सामान जलकर राख हो गया। उदयपुर थाना क्षेत्र के देवसढा रेहुआ लालगंज निवासी सदानंद बरनवाल पुत्र स्व. रामप्यारे बरनवाल सांगीपुर बाजार में किराने की दुकान चलाते हैं। उन्होंने दुकान में पीछे गोदाम भी बना रखा है। पीड़ित सदानंद रविवार की रात दुकान बंद करके घर चले गये। दुकान में सार्टसर्किट से गोदाम में आग लग गयी। जिससे हजारों के खाद्यान्न पदार्थ जलकर राख हो गये। सोमवार की सुबह पीड़ित दुकानदार के छोटे भाई आदर्श बरनवाल दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो अंदर से धुंआ उठता देख आवाक रह गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान के अंदर रखा खाद्यान्न पदार्थ जलकर राख हो चुका था। पीड़ित के अनुसार आगजनी से उसे हजारों का नुकसान उठाना पड़ा है। एसओ सांगीपुर विवेक मिश्र का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बारात लेकर जाओगे तो गोली से शूट कर दूँगा

### आज जानी थी बारात, पिता ने बारात ले जाने से किया इंकार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बारात लेकर जाओगे तो गोली से शूट कर दूँगा, तुम्हे कोई नहीं बचा पाएगा। यह धमकी नहीं, बल्कि डायरेक्ट शूट कर दूंगा। ऐसी धमकी भरा पत्र दूल्हे के पिता ने बारात ले जाने से इंकार कर दिया।

# जिलाधिकारी ने की जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक

## निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण समय से निस्तारित करने के डीएम ने दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें बैठक में उपायुक्त उद्योग के0के0 अमर ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर कुल 1208 प्रकरण प्राप्त हुए है, जिसमें से 26 प्रकरण विभिन्न विभागों के स्तर पर लम्बित है। श्रम विभाग के-01, कृषि विभाग के-13, प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के-06, अग्निशमन विभाग-01, विद्युत-03 एवं आईटी विभाग-02 सम्मिलित हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण एवं समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि पीएमईजीपी योजना के तहत 58 लक्ष्य के सापेक्ष 67, एमवाईएसवाई योजना के तहत 67 लक्ष्य के सापेक्ष 53 तथा ओडीओपी योजनान्तर्गत 21 लक्ष्य के सापेक्ष 30 आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत हो चुके हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने अग्रिम आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने ग्राम-गौसपुर एवं भेलखा तथा सिराथू तहसील के अन्तर्गत ग्राम सुल्तानपुर ख्वाजा कड़क में नये औद्योगिक आस्थान विकसित किये जाने के लिए अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका/नगर पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होना है, जिससे भूमि स्थानान्तरण की कार्यवाही हो सकें, जिस पर जिलाधिकारी ने ई0ओ0 मंझनपुर/दारा नगर-कड़ाधाम को नगर पालिका/नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव कर अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उपायुक्त उद्योग ने प्राइवेट क्षेत्र में औद्योगिक आस्थान के निर्माण के सम्बन्ध में बताया कि निजी प्रवर्तक द्वारा 10 एकड़ से 50 एकड़ तक भूमि का औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जाने का प्राविधान शासन द्वारा किया गया है। भूमि तक 12 मीटर चौड़ी सड़क आवश्यक है। इस कार्य के लिए उद्यमियों को जमीन की खरीद पर 100 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क छुट देय है तथा प्रति एकड़ 50 लाख रुपए एक प्रतिशत साधारण ब्याज की दर पर तीन वर्ष के लिये दिया जायेंगा, जिस पर जिलाधिकारी ने व्यापारियों से कहा कि इस योजना का लाभ उठायें। बैठक में बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कुल-11039 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को ग्राम प्रधानों से समन्वय कर सत्यापन करवाने तथा सभी ई0ओ0 को आवेदनों का तत्काल सत्यापन कराने के निर्देश दियें इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता तथा रमेश अग्रहरि प्रवेश केसरवानी अरविन्द केसरवानी सहित अन्य उद्यमीगण उपस्थित रहें।

## 17 दिसम्बर को पेंशन दिवस आयोजित किया जायेगा

### पेंशनर पारिवारिक पेंशनर पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं का करायें निस्तारण

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 17 दिसम्बर 2023 को कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में पेंशन दिवस का आयोजन किया जा रहा है यह जानकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी विनय कुमार प्रजापति ने देते हुए बताया कि पेंशन दिवस में पेंशन से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं यथा-पेंशन रुकी हो, 80 वर्षीय लाभ का मामला, पारिवारिक पेंशन से सम्बन्धित समस्या, पेंशन एरियर से सम्बन्धित समस्या, बैंक से सम्बन्धित समस्या एवं जीवित प्रमाण पत्र आदि समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा वरिष्ठ कोषाधिकारी ने जनपद के पेंशनर पारिवारिक पेंशनर को सूचित किया है कि पेंशन दिवस में उपस्थित होकर अपनी पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण करा सकतें हैं।

## 12 दिसम्बर को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

### ग्राम पंचायत-रामपुर सुहेला, भरसवां, महगांव, रेही, बेरौचा, रक्सौली, बड़नपुर कादीपुर इचौली, इब्राहिमपुर, सैयदसरावां, बूंदा, जुगराजपुर एवं कोल्हुआ में होगा कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-रामपुर सुहेला,भरसवां, महगांव,रेही, बेरौचा व रक्सौली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा बड़नपुर कादीपुर इचौली, इब्राहिमपुर,सैयदसरावां, बूंदा, जुगराजपुर व कोल्हुआ में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 12 दिसम्बर 2023 को ह्लविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ह्लमेरी कहानी मेरी जुबानीह्वके तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-ह्लधरती कहे पुकारह्व एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेंगा।

# एलआईसी शाखा प्रबंधक और अभिकर्ता के बीच नोकझोक के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष ने कराया समझौता

## बिजनेस बढ़ाने का सुझाव देने के बाद एलआईसी अभिकर्ता ने शाखा प्रबंधक को आपत्तिजनक शब्दों से अपमानित करते हुए जान से मारने की दी धमकी

**भरवारी कौशांबी।** भरवारी कस्बे में मेहता रोड स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय मे दो दिन पूर्व एलआईसी के बिजनेस को लेकर अभिकर्ता राज कुमार एवम शाखा प्रबंधक मनोज कुमार सक्सेना के बीच कहा सुनी हो गई जिसके चलते कुछ अभिकताओं द्वार नारे बाजी की गयी जिसकी जानकारी होते ही भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष एवम भारतीय जीवन बीमा के अभिकर्ता धर्मराज मौर्या द्वारा सोमवार को दोनों की बातों को सुनकर समझौता कर मामला खत्म कराया इससे पहले दो दिन पूर्व एजेंट राज कुमार शाखा प्रबंधक के कार्यालय में किसी काम को लेकर गए थे जिस पर शाखा प्रबंधक द्वारा एजेंट से कहा कि बिजनेस में थोडा तेजी लाओ जिसपर एजेंट ने



कार्यालय में सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए कुछ आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया इतना ही नहीं शाखा प्रबंधक ने बताया कि गलत तरीके से कार्य कराने का दबाव डालते हुए अभिकर्ता ने शाखा प्रबंधक से कहा कि तुम्हें जान से मार देगे एलआईसी शाखा प्रबंधक को धमकी दी गई कि तुम रोज मूरतगंज होकर जाते हों मैं देख लूगा इस पर शाखा प्रबंधक ने भी अभिकर्ता को डाट कर गार्ड द्वारा गेट से बाहर कर दिया। 'मामले की जानकारी होने पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्या ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शाखा प्रबंधक के कार्यालय में बैठ कर सुलह समझौता कराकर मामला खत्म करवा दिया इस बीच भारतीय जीवन बीमा निगम के सभी कर्मचारियों अधिकारियों ने भी अभिकर्ता के प्रति रोष व्यक्त किया कि इस तरह तो हम लोगो के ऊपर भी कोई भी एजेंट जान से मारने की धमकी देते रहेंगे तो ऐसे में हम लोग भी नौकरी करने में अपने आपको असुरक्षित महसूस करते है अपने शाखा का बिजनेस बढ़ाने के लिए हर शाखा का प्रबंधक सभी एजेंट को समय समय पर प्रोत्साहित करते है साथ ही समय समय पर एजेंट का सम्मान भी शाखा प्रबंधक द्वारा किए जाता है।

# डीएम ने की जिला व्यापार बन्धु समिति की बैठक

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में जनपद स्तरीय व्यापार बन्धु समिति की बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दियें बैठक में पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने व्यापारियों की समस्याओं सुझावों को सुनते हुए कहा कि सुरक्षा से सम्बन्धित कोई भी समस्या आने पर उन्हें अवगत करायें, तत्काल समस्या का निस्तारण किया जायेंगा तथा सुरक्षा प्रदान की जायेंगी।

व्यापारी रमेश अग्रहरि ने कहा कि ठण्ड के मौसम में चोरी की घटनायें बढ़ जाती है, गश्त और बढ़ायें जाने तथा यातायात व्यवस्था और बेहतर बनाये जाने के अनुरोध पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गश्त और बढ़ायी जायेंगी तथा यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए निरन्तर कार्य किया जा रहा है बैठक में जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका नगर पंचायतों में व्यापारियां के साथ प्रत्येक माह बैठक किये जाने की जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि मंझनपुर, चरवा, सिराथू एवं दारा नगर-कड़ाधाम में बैठक नहीं हुई है, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए सभी ई0ओ0 को प्रत्येक माह नियमित रूप से बैठक कराने के निर्देश दियें, अन्यथा सम्बन्धित ई0ओ0 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी। उन्होंने ई0ओ0 सिराथू को सिराथू बाजार में मंझनपुर रोड पर सरकारी गेस्ट हाउस के बाहर बनकर तैयार शेष 04 दुकानों को भी नियमानुसार शीघ्र ही आवंटित कराने के निर्देश दियें। बैठक में सिराथू में रामलीला मैदान की निर्माणधीन चहारदीवारी का कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के प्रकरण पर अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 ने बताया कि भूमि विवाद की समस्या का निस्तारण हो गया है, शीघ्र ही कार्य पूर्ण हों जायेंगा।

### एसपी ने सुनी व्यापारियों की समस्यायें सुझाव

बैठक में नगर पंचायत पूरब-पश्चिम शरीरा के अन्तर्गत थाना पश्चिम शरीरा के बगल में लगे ट्रान्सफार्मर को शिफ्ट किये जाने के प्रकरण पर अधिशासी अभियंता, विद्युत ने बताया कि इस्टीमेट तैयार कर लिया गया है एवं शिफ्ट करने की कार्यवाही की जा रहीं है। बैठक में बताया गया कि सिराथू मुख्य मार्ग से औद्योगिक इकाई तक आने व जाने तथा ग्राम कोरों को जोड़ने वाली कच्ची सड़क को पक्की बनाये जाने के प्रकरण पर बताया गया कि टेण्डर हो गया है, एक माह में कार्य पूर्ण हो जायेंगा। जिला व्यापार मण्डल नगर इकाई सिराथू द्वारा नगर पंचायत में खेल का मैदान बनाये जाने की मांग पर जिलाधिकारी ने ई0ओ0 को भूमि चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। बैठक में व्यापारी अरविन्द कुमार केसरवानी द्वारा जनपद में सीजीएसटी कार्यालय खोले जाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने सहायक आयुक्त,वाणिज्यकर को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें अरविन्द केसरवानी ने कहा कि मूरतगंज बाजार में अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, ई-रिक्शा/ऑटो के नम्बरिंग किये जाने के सुझाव पर जिलाधिकारी ने ई0ओ0 भरवारी को ई-रिक्शा/ऑटो का नम्बरिंग किये जाने के निर्देश दियें।बैठक में व्यापारी पुष्पेन्द्र केसरवानी ने बताया कि नगर पंचायत सिराथू के वार्ड-04 में साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं है, जिस पर जिलाधिकारी ने ई0ओ0 सिराथू को साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें इस अवसर पर पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता रमेश अग्रहरि प्रवेश केसरवानी अरविन्द केसरवानी सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## एसपी ने पुलिस कार्यालय परिसर में नवनिर्मित वाहन पार्किंग स्टैंड का किया उद्घाटन

**कौशाम्बी।** एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस कार्यालय परिसर में नवनिर्मित वाहन पार्किंग स्टैण्ड का उद्घाटन फीता काट कर एवम शिलापट का अनावरण कर किया गया।इस वाहन स्टैंड बन जाने के बाद पुलिस कार्यालय आने वाले फरियादियों को अब अपने वाहन इधर उधर नही खड़े करने होंगे,वह अपने वाहन को स्टैंड पर खड़ा कर सकेंगे इस दौरान सीओ मंझनपुर अभिषेक कुमार व अन्य अधिकारी पुलिस कर्मचारी एवम स्टाफ मौजूद रहे।

## फायर सर्विस द्वारा चलाया गया चेकिंग अभियान

**कौशाम्बी।** फायर सर्विस कौशाम्बी द्वारा स्कीम नंबर-3 एवं 5 के अंतर्गत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित अस्पताल/नर्सिंग होम्स एवं होटलो का अग्निसुरक्षा के सम्बन्ध में प्रभावी चेकिंग अभियान चलाया गया तथा अग्नि दुर्घटना से बचाव के प्रभावी उपाय बताए गए।

## दारानगर ने स्थित मां ज्वाला देवी मंदिर में हुई रोशनी पूजा वा भंडारा



**कौशाम्बी** सिराथू तहसील के नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के ज्वालन पर स्थित मां ज्वाला देवी मंदिर में रविवार की रात वार्षिक रोशनी पूजा व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे पहुंचे बड़ी संख्या ने श्रद्धालुओ ने आरती पूजा के बाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। बताया जाता है प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दारानगर कस्बे में स्थित मां ज्वाला देवी मंदिर में वार्षिक रोशनी पूजा व भंडारे जा आयोजन किया । नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी वैभव चौधरी के निर्देश पर मंदिर परिसर में साफ सफाई के बाद पानी का इंतजाम किया । वही मंदिर के प्रबंधक स्व हनुमान प्रसाद के पुत्र लक्ष्मी नारायण मोदनवाल ने परिवार व श्रद्धालुओ के साथ मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया और विधि विधान से कुंड भराने के बाद माँ ज्वाला देवी की पूजा आरती के बाद हवन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । साथ ही ठंड से बचाव के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर ने वृद्ध , निराश्रित व असहाय को कम्बल वितरण किया इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर,नगर पंचायत कड़ा धाम अध्यक्ष रागिनी केसरवानी अरुण केसरवानी ब्लाक प्रमुख अनुज सिंह,विक्की साहू पंकज केसरवानी,शिक्षक रणविजय निषाद विनोद कसेरा रमेश साहू प्रधान संघ अध्यक्ष अनिल शर्मा , एआरओ डा राम सेवक ,भाजपा नेता बम भोला पंडा हिमांशु केसरवानी सियंबर पंडा नीरज साहू उमेश पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सरसवां के अध्यक्ष के नेतृत्व में दिया गया ज्ञापन

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सरसवां के अध्यक्ष नितिन कुमार यादव के नेतृत्व में खण्ड शिक्षा अधिकारी सरसवां को 28 शिक्षकों के यू डाइस,फैमिली आईडी,डीबीटी एप में फोटो के कारण अग्रिम आदेश तक अवरुद्ध वेतन की बहाली ,एकल विद्यालयो में शिक्षको के पदस्थापन, एवं छात्र प्रोफाइल हेतु ब्लड ग्रूप की जांच हेतु एक ज्ञापन दिया गया। ब्लाक अध्यक्ष नितिन कुमार यादव द्वारा बताया गया कि बिना प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता के शिक्षकों से कार्य लिया जा रहा है और कार्य न पूर्ण होने की दशा में मनमाने तरीके से वेतन रोका जा रहा है,जोकि न्यायपूर्ण और विधि संगत नहीं हैऔर नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध है, जिससे शिक्षकों में असंतोष और



रोष व्याप्त है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहां कि ब्लाक सरसवां में कई ऐसे विद्यालय है जहां शिक्षको के अभाव मे शिक्षण कार्य एवं छात्र हित प्रभावित हो रहा है, ऐसे विद्यालयों में शिक्षको के पदस्थापन हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अनुरोध पत्र प्रेषित किया जाए। इस अवसर पर पत्यूष मिश्र कोषाध्यक्ष, नीरज मिश्र संगठन मंत्री, संजय कुमार, जय भारतीया, रोहित कुमार अजय केशरवानी आदि अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

# भारत की भूमि के कण कण में हमारे पूर्वजों की महक : अवधेश नारायण शुक्ला

**कौशाम्बी।** भारत देश के कण कण में हमारे पूर्वजों के संघर्षों की महक है जो भारत की महान संस्कृति को बचाने के लिए अपनी कुबार्नी देते रहे हैं। क्या है वह मुगल रहे हो या फिर अंग्रेज सनातन को मानने वालों के बलिदान का यह नतीजा है कि आज भी भारत की पवित्र भूमि पर सनातन अपनी पहचान को बनाए हुए हैं उक्त बातें हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण ने आयोजित बैठक में सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूर्व में मुगलों और अंग्रेजों के शासन के दौरान हिंदुओं को और सनातन को खत्म करने के लिए भारी साजिश की गई। लेकिन हमारे पूर्वजों के बलिदान के फल स्वरुप आज भी भारत माता के पुत्र सनातनी भारत में है। हमें अपने पूर्वजों के इस महान बलिदान को याद रखना चाहिए और अपने पूर्वजों के इस बलिदान के लिए संघर्ष करना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने मौजूद मातृशक्ति से बात करते हुए कहा कि जिस तरीके से धर्म विशेष के लोगों द्वारा लव जिहाद और लैंड जिहाद कर हमें नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है उसके लिए मातृशक्ति को भी आगे आकर इस मोर्चे को संभालना होगा। इस मौके पर मौजूद सैकड़ो की संख्या में लोगों से उन्होंने कहा कि हमें अपने सनातन के संस्कारों को धारण करना चाहिए

### बलीपुर नारा में हिंदू जागरण मंच की बैठक सम्पन्न, सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे कार्यकर्ता



और उन्हें नहीं भूलना चाहिए इस मौके पर उन्होंने मौजूद लोगों से यह शपथ दिलाई कि वह अपने धर्म को लेकर पूरे मनोयोग के साथ विधारमियों से संघर्ष करेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से सर्वेश पटेल, शिवम पांडे, प्रकाश दुबे, शिखर मिश्रा रजत पाण्डेय पंकज सिंह, पवन पटेल, हनुमान प्रसाद, रचित पांडे, नीरज पटेल, श्यामू राजपूत, राधेश्याम राजपूत, श्रीनाथ मौर्य, रामचंद्र पाल, साजन राजपूत, दिनेश कुमार, मुंशी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वैन को डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**कौशाम्बी** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जनजागरुकता वैन को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया यह जनजागरूकता वैन जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में जाकर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के उद्देश्य,फसल बीमा से लाभ,फसलवार बीमित राशि एवं कृषक देय प्रीमियम राशि आदि के प्रति जागरुक करेंगी इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेन्द्र तिवारी जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम, बीमा कम्पनी के जिला प्रबन्धक संतोष राय एवं जिला समन्वय बृजेश यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### सार्वजनिक,धार्मिक स्थानों पर लगे लाउडस्पीकर के विरुद्ध पुलिस ने भोर में चलाया अभियान

कौशाम्बी पुलिस ने धार्मिक सार्वजनिक स्थलों पर प्रयोग में लाये जा रहे अवैध लाउडस्पीकर के विरुद्ध सोमवार की भोर में व्यापक अभियान चलाया लाउड स्पीकरों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में जनपद कौशाम्बी में एसपी एएसपी तीनो सर्किल के सीओ के नेतृत्व में पुलिस फोर्स द्वारा भ्रमण कर 203 धार्मिक सार्वजनिक स्थलों पर प्रयोग में लाए जा रहे ध्वनि विस्तारक यंत्रों को चेक किया गया एवं मानक के विपरीत पाए गए 26 लाउडस्पीकर हटाये गए एवं अनुमन्य ध्वनि से ज्यादा पाए गए 14 लाउडस्पीकरों की आवाज कम कराई गई

### कौशाम्बी जनपद को मिली 4 नई 102 एम्बुलेंस को सीएमओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित गर्भवती महिलाओं एवं 2 वर्ष तक के बच्चों के लिए 102 एम्बुलेंस सेवा जरूरत मंदों के लिए खूब मददगार साबित हो रहीं हैं। कौशाम्बी जिले में वर्तमान में 102 की 28 एम्बुलेंस संचालित हैं। उप्र सरकार द्वारा पुरानी हो चुकी 4 एम्बुलेंस की जगह नयी एम्बुलेंस जनपद को भेज दी गयी हैं। कौशाम्बी जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने चारों एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सी एम ओ ऑफिस की तरफ से 102 एवं 108 एम्बुलेंस के नोडल हिमांशू भूषण, डी पी एम, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी इत्यादि उपस्थित रहे। साथ ही साथ ई एम आर आई जी एच एस कंपनी (102 एम्बुलेंस) के रीजनल मैनेजर धीरज यादव, प्रोग्राम मैनेजर दिनेश यादव, जिला प्रभारी महेश कुमार भी उपस्थित रहे।

### अन्तर्राज्यीय कृषक प्रशिक्षण भ्रमण बस को डीएम एसपी ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**कौशाम्बी** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मिलेट्स पुनरोद्धार योजना कार्यक्रम के तहत अन्तर्राज्यीय कृषक प्रशिक्षण/भ्रमण बस को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम ने बताया कि मिलेट्स पुनरोद्धार योजना कार्यक्रम के तहत 80 कृषकों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केन्द्रीय कृषि अभियान्त्रकीय संस्थान, भोपाल, म0प्र0 में प्रतिभाग के लिए रवाना किया गया है।

### ंद्र में भारतीय भाषा उत्सव के उपलक्ष्य में महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती मनाई गई

**कौशाम्बी** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षण केंद्र कुमियावा में 11 दिसम्बर को भारतीय भाषा उत्सव के उपलक्ष्य में महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती मनाई गई इस जयंती पर निबंध प्रतियोगिता भी कराई गई तथा सेल्फी प्वाइंट भी ली गई इस जयंती पर संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने संस्थान की गतिविधियों के बारे में बताया तथा भारतीय भाषा उत्सव के बारे में भी विस्तार पूर्वक चर्चा किया तथा महाकवि सुब्रमण्यम भारती का जन्म 11 दिसंबर 1882 को भारत के दक्षिणी प्रांत तमिलनाडु के एक गांव एटटपुरम में एक तमिल ब्राह्मण परिवार में हुआ था उनकी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय विद्यालय में हुई थी मेधावी छात्र होने के नाते वहां के राजा ने उन्हें भारती की उपाधि दे दी थी भारती जी की मातृभाषा तमिल के अलावा हिंदी अंग्रेजी संस्कृत आदि भाषाओं का भी अच्छा ज्ञान था तथा भारती जी का कविताओं में अटूट प्रेम था इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह राजू शुक्ला मनु ज्योति सिंह आराधना ममता रूप आदि प्रतिभागी मौजूद रहे

### डीएम,एसपी ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण

कौशाम्बी। डीएम सुजीत कुमार एवम एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जिला जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने ने बंदियों से वार्ता कर सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली तथा जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने व साफ सफाई आदि के सम्बन्ध मे संबंधित को निर्देशित किया।इस दौरान जेल अधीक्षक भूपेश कुमार सिंह सहित जिला जेल के सभी स्टाफ मौजूद रहे।

### एसपी ने नवनिर्मित वाहन पार्किंग स्टैंड का किया उद्घाटन

युनाइटेड भारत

**कौशाम्बी।** एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस कार्यालय परिसर में नवनिर्मित वाहन पार्किंग स्टैण्ड का उद्घाटन फीता काट कर एवम शिलापट का अनावरण कर किया गया।इस वाहन स्टैंड बन जाने के बाद पुलिस कार्यालय आने वाले फरियादियों को अब अपने वाहन इधर उधर नही खड़े करने होंगे,वह अपने वाहन को स्टैंड पर खड़ा कर सकेंगे इस दौरान सीओ मंझनपुर अभिषेक कुमार व अन्य अधिकारी पुलिस कर्मचारी एवम स्टाफ मौजूद रहे।

### कार्यालय में पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियाद

**कौशाम्बी।** थाना पुलिस से उचित न्याय ना मिल पाने के कारण पीड़ित फरियादी पुलिस अधीक्षक कार्यालय न्याय की उम्मीद लेकर पहुंचे फरियादी। थाना पुलिस से न्याय ना पाने वाले फरियादियों की पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सरलता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### कुएं में गिरे सांड को सकुशल बाहर निकाला गया

**कौशाम्बी।** ।करारी थाना क्षेत्र के शेषा गांव में स्थित खुले कुएं में सांड गिर गया था। सूचना पाकर मौके पर फायर सर्विस मंझनपुर यूनिट कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर व रस्से की सहायता से सांड को कुएं से सुरक्षित बाहर निकाला।

**फायर सर्विस द्वारा चलाया गया चेकिंग अभियान** : कौशाम्बी ।फायर सर्विस कौशाम्बी द्वारा स्कीम नंबर-3 एवं 5 के अंतर्गत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित अस्पताल/नर्सिंग होम्स एवं होटलो का अग्निसुरक्षा के सम्बन्ध में प्रभावी चेकिंग अभियान चलाया गया तथा अग्नि दुर्घटना से बचाव के प्रभावी उपाय बताए गए।

के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### डीएम, एसपी ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण

**कौशाम्बी।** डीएम सुजीत कुमार एवम एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जिला जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने ने बंदियों से वार्ता कर सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली तथा जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने व साफ सफाई आदि के सम्बन्ध मे संबंधित को निर्देशित किया।इस दौरान जेल अधीक्षक भूपेश कुमार सिंह सहित जिला जेल के सभी स्टाफ मौजूद रहे।

### कुएं में गिरे सांड को सकुशल बाहर निकाला गया

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के शेषा गांव में स्थित खुले कुएं में सांड गिर गया था। सूचना पाकर मौके पर फायर सर्विस मंझनपुर यूनिट कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर व रस्से की सहायता से सांड को कुएं से सुरक्षित बाहर निकाला।

### डीएम,एसपी ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण

**कौशाम्बी** डीएम सुजीत कुमार एवम एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जिला जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने ने बंदियों से वार्ता कर सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली तथा जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने व साफ सफाई आदि के सम्बन्ध मे संबंधित को निर्देशित किया।इस दौरान जेल अधीक्षक भूपेश कुमार सिंह सहित जिला जेल के सभी स्टाफ मौजूद रहे।

### एसपी नवनिर्मित वाहन पार्किंग स्टैंड का किया उद्घाटन

**कौशाम्बी** एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस कार्यालय परिसर में नवनिर्मित वाहन पार्किंग स्टैण्ड का उद्घाटन फीता काट कर एवम शिलापट का अनावरण कर किया गया।इस वाहन स्टैंड बन जाने के बाद पुलिस कार्यालय आने वाले फरियादियों को अब अपने वाहन इधर उधर नही खड़े

## संपादक की कलम से

# भारत में विवाह समारोहों की अर्थव्यवस्था

भारतीय सनातन संस्कृति के अनुसार पवित्र शादियों के धार्मिक संस्कारों के माध्यम से दो आत्माओं का मिलन कराया जाता है। कहा तो यहां तक भी जाता है कि दूल्हा और दुल्हन शादी के धार्मिक संस्कारों के माध्यम से सात जन्मों तक के लिए एक दूसरे के हो जाते हैं। इसलिए, शादी के समय विभिन्न अध्यात्मिक, धार्मिक एवं सांसारिक संस्कारों को सम्पन्न कराने के लिए समाज के गणमान्य नागरिकों, नाते रिश्तेदारों, परिवार के सदस्यों को साथ लेकर विभिन्न प्रकार के भव्य आयोजन सम्पन्न किए जाते हैं। इन आयोजनों में विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न होते हैं एवं आजकल तो ऐसे शुभ अवसरों पर भारी मात्रा में व्यय भी किया जा रहा है। शादी के विभिन्न आयोजनों पर किए जाने वाले भारी भरकम खर्च से देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत में नवम्बर 2023 माह से लेकर आगामी लगभग 4 माह के दौरान 38 लाख से अधिक शादियों के आयोजन सम्पन्न होने जा रहे हैं। केवल 4 माह की इस अवधि में लगभग 4.75 लाख करोड़ की राशि का व्यय होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 35 लाख शादियों पर 3.75 लाख करोड़ रुपए की राशि का व्यय हुआ था। कन्फेडरेशन ओफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के अनुसार, भारत में इस वर्ष शादियों के मौसम में सबसे अधिक खर्च करने का विश्व रिकार्ड बनाया जा सकता है। पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में इस वर्ष एक लाख करोड़ रुपए अधिक राशि शादियों पर खर्च होने जा रही है। शादी के विभिन्न कार्यक्रमों में विभिन्न मदों पर होने वाले खर्च के सम्बंध में भी अनुमान लगाए गए हैं। इन अनुमानों के अनुसार, इस वर्ष नए कपड़े और नई ज्वेलरी को खरीदने की मद पर एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होने वाली है, मेहमानों की खातिरदारी पर 60,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होने जा रही है, शादी समारोह से जुड़े कार्यक्रमों पर 60,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होने जा रही है। विश्व का कोई भी देश शादियों के मौसम में इतनी भारी भरकम राशि का खर्च नहीं करता दिखाई दे रहा है क्योंकि अन्य देशों में शादी के समारोहों पर इतना खर्च किया ही नहीं जाता है। यह तो भारतीय सनातन संस्कृति ही है जिसके अंतर्गत शादी के समय विभिन प्रकार के संस्कार सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कई प्रकार के आयोजन सम्पन्न किए जाते हैं। आज विकसित देशों में तो विवाह नामक संस्था उपलब्ध ही नहीं है और ह्ललव मैरिजह्व नामक रिवाज का पालन किया जा रहा है। साथ ही अब तो बगैर विवाह के ह्ललिव इन रिलेशनह्व नामक रिवाज ही चल पड़ा है। विकसित देशों के युवा इस प्रकार के रिवाजों के चलते बच्चे भी पैदा नहीं कर रहे हैं और कुछ समय पश्चात ही आपस में रिश्तों को ह्लतलाकह्व का रूप दे देते हैं। यदि इस बीच किसी जोड़े को बच्चा हो भी जाता है तो उसे ह्लसिंगल पेरेंटह्व के रिवाज के तहत केवल मां के पास ही रहना होता है। इस प्रकार वह बच्चा अपने पिता के प्यार से वंचित रहता है और उस बच्चे का मानसिक विकास नहीं हो पाता है। इन्हीं कारणों के चलते आज विश्व के कई देशों में बुजुर्गों की संख्या तो बढ़ती जा रही है परंतु युवाओं की संख्या कम होती जा रही है, जिसका सीधा सीधा प्रभाव इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। अत: कुल मिलाकर यह सनातन संस्कृति के संस्कार ही हैं जो भारत में आज भी कुटुंब व्यवस्था को जीवित रखे हुए हैं। संयुक्त परिवार सामान्यत: केवल भारत में ही दिखाई देते हैं, जहां बुजुर्गों की देखभाल इन संयुक्त परिवारों में बहुत ही सहज तरीके से होती है। अन्यथा, विकसित देशों में चूंकि संयुक्त परिवार का चलन नहीं के बराबर है अत: बुजुर्गों की देखभाल इन देशों की सरकार को ह्लसोशल बेनीफिट्सह्व योजना के अंतर्गत करनी होती है। आज कुछ देशों में तो ह्लसोशल बेनीफिट्सह्व की मद पर इतना अधिक खर्च होने लगा है कि इन देशों की बजट व्यवस्था ही भारी दबाव में आ गई है। इसके ठीक विपरीत, भारत में विभिन्न त्यौहार भी बड़े ही उत्साह से मनाए जाते है जिसके कारण भारत में सामाजिक तानाबाना ठीक बना हुआ है। इसी सामाजिक तानेबाने के ठीक अवस्था में रहने के चलते ही इस वर्ष, दीपावली एवं धनतेरस के त्यौहारी मौसम में भारत में 3.75 लाख करोड़ रुपए का व्यापार हुआ है। साथ ही, केवल करवा चौथ के दिन 15,000 करोड़ रुपए का व्यापार सम्पन्न हुआ था।

# विष्णुदेव साय के बहाने आदिवासी राजनीति साधी

विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री घोषित करके भारतीय जनता पार्टी ने एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जीवंत आदिवासी समाज को उन्नति के नये शिखर एवं राजनीति में समुचित प्रतिनिधि देने के लिये प्रतिबद्ध है। द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनाकर उन्होंने इस समुदाय की आशाओं पर खरे उतरने की कोशिश की है। निश्चित ही विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने से आदिवासी समुदाय में खुशी जगी है, छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्य झारखंड और ओडिशा में भी भाजपा को लाभ मिलेगा, वही मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान के आदिवासी समुदाय के लोगों भी प्रभावित किया जा सकेगा। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की दृष्टि से विष्णुदेव साय का निर्णय नया राजनीतिक धरातल तैयार करेगा एवं नयी राजनीतिक दिशाओं को उद्घाटित करेगा।



जमीन से जुड़े, विनम्र, ईमानदार एवं सादगीप्रिय विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की दूरगामी सोच एवं राजनीतिक परिपक्वता से जुड़ी साहसिक एवं करिश्माई राजनीति की निष्पत्ति है। छत्तीसगढ़ की राजनीति में विष्णुदेव साय इसलिए बड़ा नाम है, क्योंकि अब तक चार बार के सांसद, तीन बार के विधायक और छत्तीसगढ़ में भाजपा के अध्यक्ष की कमान एवं केंद्र सरकार में राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। 26 साल की उम्र में ही पहली बार विधायक बनने वाले विष्णुदेव के दिवंगत दादा बुधनाथ साय 1947 से 1952 तक विधायक रह चुके हैं। उनके दिवंगत ताऊ नरहरि प्रसाद साय भी दो बार विधायक और एक बार सांसद रह चुके हैं। विष्णुदेव साय ने ताजा चुनाव कुनकुरी विधानसभा सीट से लड़ा था, जिसमें उन्होंने 25 हजार 541 वोट से जीत दर्ज की। कम बोलने और बेहद विनम्र माने जाने वाले विष्णुदेव साय को, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह का बेहद करीबी माना जाता है। निश्चित ही उनकी मुख्यमंत्री की पारी ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं राजनीतिक परिपक्वता का उदाहरण बनेगी। 21 फरवरी 1964 को एक आदिवासी परिवार में जन्में विष्णुदेव साय ने अपनी 10वीं तक की पढ़ाई कुनकुरी के लोयला हायर सेकेंडरी स्कूल से की है।

अमित शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा भी था, विष्णुदेवजी हमारे अनुभवी कार्यकर्ता हैं, नेता हैं, सांसद रहे, विधायक रहे, प्रदेश अध्यक्ष रहे। एक अनुभवी नेता को भाजपा आपके सामने लाई है। आप इनको विधायक बना दो, उनको बड़ा आदमी बनाने का काम हम करेंगे।ह्व अमित शाह ने बड़ा आदमी बनाने का अपना वायदा इतना जल्दी पूरा कर दिया है। वैसे भी 32 फीसद आदिवासी जनसंख्या वाले छत्तीसगढ़ की विधानसभा में आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित 29 सीटों में से 17 पर भाजपा के कब्जे के बाद माना जा रहा था कि किसी आदिवासी विधायक को भाजपा मुख्यमंत्री या उप मुख्यमंत्री बना सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आने के बाद से ही भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा बनाया है। भ्रष्टाचार में लिप्त विपक्षी पार्टी के नेताओं के घरों पर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स की रेड हो रही है। झारखंड के कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के घर पर इनकम टैक्स की रेड और 500 करोड़ रुपए की बरामदी हुई है। इसलिये भाजपा ईमानदार नेताओं को आगे लाना चाहती है, विष्णुदेव साय जमीन से जुड़े हैं, आदिवासी हैं और लंबे समय से राजनीतिक जीवन में रहने के बावजूद भ्रष्टाचार के आरोपों से दूर हैं। ऐसे में वे भाजपा के इस कैटेगरी में एकदम फिट बैठे और मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार भी। ईमानदारी के साथ विनम्रता भी उनकी बड़ी विशेषता है। एक दिन पहले उन्होंने कहा-ह्लविनम्रता को कमजोरी नहीं मानना चाहिए। मैं तो इसे अपनी ताकत मानता हूं और मेरी कोशिश रहेगी कि आजीवन विनम्र बना रहूं।ह्व

राजनीतिक स्वार्थ के चलते आजादी के बाद से जंगलों और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले आदिवासियों को हमेशा से दबाया और कुचला जाता रहा है जिससे उनकी जिन्दगी अभावग्रस्त ही रही है। कांग्रेस ने आदिवासी के नाम पर सत्ता तो अनेक बार हासिल की, लेकिन उनके कल्याण के लिये कोई ठोस काम नहीं किये। जबकि आदिवासी समुदाय को कांग्रेस विचारधारा का ही माना जाता रहा है, लेकिन नरेन्द्र मोदी ने अपनी सूझबूझ एवं विवेक से आदिवासी लोगों का दिल जीता है। वर्ष 2007 में मुख्यमंत्री रहते नरेन्द्र मोदी गुजरात के आदिवासी इलाके कवांट में जैन संत गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में एक समारोह में 15 हजार करोड़ की वनबंधु योजना की शुरूआत की। इनदिनों इन्हीं जैन मुनि की चर्चा चुनाव सभाओं में एवं गुजरात की एक सभा में प्रधानमंत्री ने की। उनके मन में आदिवासी कल्याण की भावना है। राजनीति जोड़तोड की दृष्टि से देखा जाये तो कांग्रेस जहां मुस्लिम वोटों का ध्रूवीकरण एवं तुष्टिकरण कर रही है तो भाजपा के लिये आदिवासी समुदाय ही रोशनी बनते हुए दिख रहे हैं। निश्चित ही आगामी लोकसभा चुनाव में इन आदिवासी वोटों की महत्वपूर्ण भूमिका बनने वाली है।

जब भाजपा हिन्दू राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर है, ऐसे में आदिवासी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। आदिवासियों में एक बड़ी समस्या धर्मपरिवर्तन की है। प्रलोभनों एवं साम्प्रदायिक ताकतों के कारण कई आदिवासी अपने धर्म को बदलकर आदिवासी समाज से बाहर हो रहे हैं जिसमें ईसाई धर्म को सर्वाधिक स्वीकार गया है। ईसाई मिश्नरियों ने भारत के आदिवासी क्षेत्र छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा, अंडमान निकोबार, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र में धर्मांतरण के लिये विद्यालयों एवं छात्रावासों में सफल अभियान चलाया है। ऐसे में आदिवासी की अपनी संस्कृति एवं उनका अस्तित्व खतरा में आ गया। आदिवासी अर्थात जो प्रारंभ से वनों में रहता आया है। करीब 400 पीढ़ियों पूर्व सभी भारतीय वन में ही रहते थे और वे आदिवासी थे परंतु विकासक्रम के चलते पहले ग्राम बने फिर कस्बे और अंत में नगर, महानगर। यही से विभाजन होना प्रारंभ हुआ। जो वन में रह गए वे वनावासी, जो गांव में रह गए वे ग्रामवासी और जो नगर में चले गए वे नगरवासी कहलाने लगे। भारत में लगभग 25 प्रतिशत वन क्षेत्र है, इसके अधिकांश हिस्से में आदिवासी समुदाय रहता है। लगभग नब्बे प्रतिशत खनिज सम्पदा, प्रमुख औषधियां एवं मूल्यवान खाद्य पदार्थ इन्हीं आदिवासी क्षेत्रों में हैं। भारत में कुल आबादी का लगभग 11 प्रतिशत आदिवासी समाज है। इसी बड़ी आबादी को प्रभावित करने के लिये द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाना एवं विष्णुदेव को मुख्यमंत्री बनाना भाजपा की परिपक्व राजनीति को दर्शाता है। विष्णुदेव साय का निर्णय राज्य में आदिवासी वोटर्स को ध्यान में रखते हुए सामने आया है। इससे पहले भी आदिवासी वोटर को साधने के लिए भाजपा ने कई सकारात्मक घोषणाएं की है। ऐसे में कहा जा सकता है कि भाजपा एक सोची-समझी रणनीति के तहत आगे बढ़ रही है।

स्वतंत्रता आन्दोलन में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे अनेक महान आदिवासी हुए हैं जिन्होंने भारत की मिट्टी एवं उसके स्वतंत्र अस्तित्व-आजादी के लिए अपना बलिदान एवं महान योगदान दिया। ऐसे महान वीर आदिवासियों से भारत का इतिहास समृद्ध है, जिनमें अप्पा साहब, तात्या टोपे, डा. बी.आर. अम्बेडकर, जयपाल सिंह मुण्डा, शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गंडाधुरा, शहीद रानी दुगार्वाती, शहीद बीरसा मुंडा, शहीद सिद्धों, कानु, शहीद तिलका मांझी, शहीद गेंद सिंह, झाड़ा सिरहा जैसे महान आदिवासियों ने अपना बलिदान देकर समाज एवं देश के लिये एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। फिर क्या कारण है कि इस जीवंत एवं मुख्य समाज को देश की मूल धारा से काटने के प्रयास निरन्तर किये जा रहे हैं। आजादी के बाद बनी सभी सरकारों ने इस समाज की उपेक्षा की है। यही कारण है कि यह समाज अनेक समस्याओं से घिरा है। भाजपा आदिवासी समाज के अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाने के प्रयासों को नियंत्रित करने एवं सक्रिय होकर आदिवासी कल्याण की योजनाओं को लागू करने में जुटी है। निश्चित तौर पर लोकसभा चुनाव में आदिवासी वोट काफी अहम होगा। भाजपा ने छत्तीसगढ़ में फिर आदिवासी कार्ड खेला है। विष्णुदेव साय प्रभावी आदिवासी नेता हैं और आदिवासी समुदाय में उनकी बड़ी पकड़ है। भाजपा रणनीति के तहत आदिवासी एवं पिछड़े वर्ग को साधने की कोशिश शुरू कर दी है जिसके चमत्कारी परिणाम आयेंगे।


प्रेषकः

**(ललित गर्ग)**

**लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार**

**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई पी एक्सटेंसन, पटपड़गंज**

**दिल्ली-110092**

**फोनः-22727486, मोबाईलः- 9811051133**


# स्वदेशी रोजगार एवं व्यापार की आत्मा है

**- ललित गर्ग-**

भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन का स्वदेशी एक महत्वपूर्ण आन्दोलन, सफल रणनीति व राष्ट्रीय दर्शन है। ह्यस्वदेशीह्व का अर्थ है- अपने देश का, अपने देश में निर्मित। इस रणनीति का लक्ष्य ब्रिटेन में बने माल का बहिष्कार करना तथा भारत में बने माल का अधिकाधिक प्रयोग करके साम्राज्यवादी ब्रिटेन को आर्थिक हानि पहुँचाना व भारत के लोगों के लिये रोजगार सृजन करना था। यह ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकने और भारत की समग्र आर्थिक व्यवस्था के विकास के लिए अपनाया गया साधन था। आज आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये स्वदेशी-दर्शन के बल पर भारत को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संकल्पबद्ध है। उपनिवेशी मानसिकता से मुक्त होकर, अपने देश में जो है उसको युगानुकूल बनाते हुए, ह्यस्वह्व आधारित स्व-देशी विकासपथ अपनाने की उनकी मुहीम का प्रभाव है कि हम अब सैन्य उपकरण तक आयात नहीं, बल्कि निर्यात करने की स्थिति में है। स्वदेशी कोई रूढ़िवाद नहीं, बल्कि रोजगार, व्यापार एवं संस्कृति की आत्मा है। 12 दिसंबर 1930 भारत के स्वदेशी आंदोलन का अत्यंत महत्वपूर्ण दिन बना, इसे आज भी स्वदेशी दिवस के रूप में याद किया जाता है।

लोकमान्य गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी के स्वदेशी अपनाने का आह्वान और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के आंदोलन से प्रेरित होकर विदेश वस्त्रों से भरी लारी को रोकते हुए बाबू गेनू शहीद हो गए। अंग्रेजों की हुकूमत देश को आर्थिक रूप से लूट रही थी। अंग्रेज कपास, रेशम, पटसन व लोहा आदि कच्चे माल को भारत से विदेश ले जाते और लंदन से माल लाकर महंगे दामों पर बेचते। अंग्रेजों की इस कुटिल अर्थनीति को विफल करने के आन्दोलन में बाबू गेनू ने पूरी शक्ति से भाग लिया। देशप्रेम की भावना के वशीभूत होकर कभी-कभी सामान्य सा दिखायी देने वाला व्यक्ति भी बहुत बड़ा काम कर जाता है। ऐसा ही बाबू गेनू के साथ हुआ। एक बार उनका एक बैल पहाड़ी से गिर कर मर गया। इस पर बड़े भाई ने उसे बहुत डांटा। इससे दुखी होकर गेनू मुम्बई आकर एक कपड़ा मिल में काम करने लगा। उसी मिल में उसकी माँ कोंडाबाई भी मजदूरी करती थी। उन दिनों देश में स्वतन्त्रता का संघर्ष छिड़ा था। स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग तथा विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आन्दोलन जोरों पर था। 22 वर्षीय बाबू गेनू भी इस आन्दोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। मिल के अपने साथियों को एकत्र कर वह आजादी एवं स्वदेशी का महत्व बताया करते थे। 26 जनवरी, 1930 को ह्यसम्पूर्ण स्वराज्य माँग दिवसह्व आन्दोलन में बाबू गेनू की सक्रियता देखकर उन्हें तीन महीने के लिए जेल भेज दिया, पर इससे बाबू के मन में स्वतन्त्रता प्राप्ति की चाह और तीव्र हो गयी। 12 दिसम्बर, 1930 को मिल मालिक मैनचेस्टर से आये कपड़े को मुम्बई शहर में भेजने वाले थे। जब बाबू गेनू को यह पता लगा, तो उसका मन विचलित हो उठा। उसने अपने साथियों को एकत्र कर हर कीमत पर इसका विरोध करने का निश्चय किया। 11 बजे वे कालबादेवी स्थित मिल के द्वार पर आ गये। धीरे-धीरे पूरे शहर में यह खबर फैल गयी। इससे हजारों लोग वहाँ एकत्र हो गये। यह सुनकर पुलिस भी वहाँ आ गयी। कुछ ही देर में विदेशी कपड़े से लदा ट्रक मिल से बाहर आया। उसे सशस्त्र पुलिस ने घेर रखा था। गेनू के संकेत पर घोण्डू रेवणकर ट्रक के आगे लेट गया। इससे ट्रक रुक गया। जनता ने ह्यवन्दे मातरम्ह्व और ह्यभारत माता की जयह्व के नारे लगाये। पुलिस ने उसे घसीट कर हटा दिया, पर उसके हटते ही दूसरा कार्यकर्ता वहाँ लेट गया। बहुत देर तक यह क्रम चलता रहा। यह देखकर अंग्रेज पुलिस सार्जेण्ट ने चिल्ला कर आन्दोलनकारियों पर ट्रक चढ़ाने को कहा, पर ट्रक का भारतीय चालक इसके लिए तैयार नहीं हुआ। इस पर पुलिस सार्जेण्ट उसे हटाकर स्वयं उसके स्थान पर जा बैठा। यह देखकर बाबू गेनू स्वयं ही ट्रक के आगे लेट गया। सार्जेण्ट की आँखों में खून उतर आया। उसने ट्रक चालू किया और बाबू गेनू को रौंद डाला। सब लोग भौंचक रह गये। सड़क पर खून ही खून फैल गया। गेनू का शरीर धरती पर ऐसे पसरा था, मानो कोई छोटा बच्चा अपनी माँ की छाती से लिपटा हो। उसे तत्क्षण अस्पताल ले जाया गया पर उसके प्राण पखेरू तो पहले ही उड़ चुके थे। इस प्रकार स्वदेशी के लिए बलिदान देने वालों की माला में पहला नाम लिखाकर बाबू गेनू ने स्वयं को अमर कर लिया। तभी से 12 दिसम्बर को ह्यस्वदेशी दिवसह्व के रूप में मनाया जाता है।



इस प्रकार बाबू गेनू के बलिदान दिवस को पूरे देश में स्वदेशी दिवस के रूप में मनाया जाता। स्वदेशी उत्पाद उचित दाम के साथ लाभकारी सिद्ध होते है। स्वदेश की चीजों अपनाने से हमारा धन हमारे ही देश में रहता है एवं हमारे उत्पादों को बल मिलता है, इससे हमारी आर्थिक स्थितियां मजबूत होती है, व्यापार एवं उद्योग को बल मिलता है। विदेशी वस्तुओ और कंपनियों का सामान खरीद कर हम धीरे-धीरे अपने देश का पैसा बाहर भेज रहे हैं और चीन जैसे देश इसी से आर्थिक महाशक्ति बने हुए है। भारत की अर्थव्यवस्था विदेशी कंपनियों की गुलाम बन रही है, इससे बचने का एक मात्र उपाय है स्वदेशी प्रचार। अपने जीवन में जितना संभव हो सके स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग कीजिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वदेशी का ये भाव सिर्फ विदेशी कपड़े के बहिष्कार तक ही सीमित नहीं था, बल्कि ये हमारी आर्थिक आजादी का बहुत बड़ा प्रेरक था। आज उनके आह्वान पर ह्यवोकल फॉर लोकलह्व की स्पिरिट के साथ देशवासी पूरे मन से स्वदेशी उत्पाद खरीद रहे हैं और यह एक जन आंदोलन बन गया है। आत्मनिर्भर भारत का सपना बुनने और मेक इन इंडिया को बल प्रदान करने वाले लोग खादी को मात्र कपड़ा ही नहीं, बल्कि हथियार समझते हैं। यही कारण है कि नौ साल पहले खादी और ग्रामोद्योग का कारोबार मात्र 25 हजार, 30 हजार करोड़ रुपए के आसपास ही था। आज ये एक लाख तीस हजार करोड़ रुपए से अधिक तक पहुंच चुका है। पिछले 9 वर्षों में ये जो अतिरिक्त 1 लाख करोड़ रुपए इस सेक्टर में आए हैं। इस अतिरिक्त आमदनी से जुटा धन अब हथकरघा सेक्टर से जुड़े गरीब भाई-बहनों के पास पहुंच रहा है, यह धन गांवों एवं आदिवासियों के पास पहुंच रहा, इसी से गरीबी दूर हो रही है। नीति आयोग ने कहा भी है कि पिछले 5 साल में साढ़े तेरह करोड़ लोग भारत में गरीबी से बाहर निकले हैं।स्वदेशी-अभियान को बल देते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक ने व्यापक उपक्रम किये हैं, स्वदेशी जागरण मंच इसके लिये प्रतिबद्ध है। रक्षाबंधन एवं दीपावली पर स्वदेशी निर्मित राखियों, दीयों एवं पटाखों के प्रयोग से न केवल आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाया है बल्कि असंख्य छोटे उद्योगों एवं कामगारों को ताकतवर बनाया है। गणेश उत्सव, दशहरा, दीपावली, दुगार्पूजा आदि पर्वों पर स्वदेशी के संकल्प को दोहरा कर हमने भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर किया है। आज वोकल फॉर लोकल की भावना के साथ देशवासी स्वदेशी उत्पादों को हाथों-हाथ खरीद रहे हैं, ये एक जनआंदोलन बन गया है। बापू ने आंदोलन के जरिए जनता से स्वदेशी चीजे अपनाने की बात कही। स्वावलंबी गाँव आर्थिक विकेंद्रीकरण का ही रूप है जिसका आधार स्थानीयता एवं उस पर आधारित प्रौद्योगिकी संसाधन है। इसका उद्देश्य लोगों की सेवा करना और उन्हें आर्थिक दृष्टि से मजबूत बनाना है। इस व्यवस्था में उत्पादन, उपभोग स्थानीय होने के कारण मालिक, श्रमिक और उपभोक्ता तीनों एक ही हो जाते हैं, यही इसकी विशिष्टता है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वावलम्बी अर्थ-व्यवस्था पर जोर दे रहे हैं, यह गांधी के सिद्धान्तों पर ही आधारित है। महात्मा गांधी ने हस्तशिल्प व कुटीर उद्योग को हमेशा बढ़ावा दिया है। उनके ग्राम स्वराज का सपना था कि गांव के कुटीर, लघु और कृषि उद्योग तेजी से आगे बढ़े। अगर देश का हर नागरिक सोचे कि जो वह स्वदेशी उत्पाद इस्तेमाल कर रहा है, उससे न केवल देश की कंपनी का फायदा होगा, बल्कि देश में ज्यादा से ज्यादा रोजगार उत्पन्न होंगे, तो देश तेजी से आत्मनिर्भर एवं आर्थिक ताकत बनने की ओर बढ़ेगा।

# इतने दबाव में क्यों है भाजपा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान विधानसभा के चुनाव का परिणाम घोषित हुए दस दिन होने वाले हैं। उसके उपरांत भी अभी तक ना तो विधायक दल की बैठक बुलाई गई है ना ही नेता का नाम ही सामने आया है। जबकि 115 सीटें जीतकर भाजपा ने पूर्ण बहुमत प्राप्त कर लिया है। राजनीतिक हल्का में चर्चा है कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे द्वारा मुख्यमंत्री बनने के लिए की जा रही लाबिंग के चलते विधायक दल का नया नेता चुनने की प्रक्रिया ठंडी पड़ी हुई है। वसुंधरा राजे दिल्ली जाकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर राजस्थान की राजनीति पर लंबी चर्चा कर चुकी है।

पिछले दिनों जयपुर में घटे एक घटनाक्रम ने भाजपा के बड़े नेताओं को चौंका दिया है। बारां जिले में किशनगंज से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक ललित मीणा के पिता हेमराज मीणा जो स्वयं पूर्व विधायक हैं। उन्होंने जयपुर में मीडिया को बताया कि उनके बेटे विधायक ललित मीणा सहित बारां, झालावाड़ जिलों के पांच विधायकों को जयपुर में सीकर रोड स्थित होटल आपनो राजस्थान में जबरन रखा गया है और उन्हें घर नहीं आने दिया जा रहा है। हेमराज मीणा ने भाजपा कार्यालय के सामने मीडिया को बताया कि जब मैं अपने विधायक बेटे ललित मीणा को लेने होटल गया तो वहां पर विधायक कंवरलाल मीणा ने जोर जबरदस्ती करते हुए कहा कि झालावाड़ के सांसद दुष्यंत सिंह के कहने पर ही हम उन्हें जाने देंगे। उसके बाद होटल आपनो राजस्थान में हेमराज मीणा ने पुलिस बुलाकर बखेड़ा खड़ा किया तब जाकर वह अपने पुत्र ललित मीणा को साथ लेकर आ सके।

होटल में विधायकों को रखने की बात हेमराज मीणा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, संगठन महासचिव चन्द्रशेखर, पार्टी के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह को भी बताई। हालांकि विधायक कंवरलाल मीणा ने पूर्व विधायक हेमराज मीणा के आरोपी को झूठा बताते हुए कहा कि हम सब अपनी मर्जी से वहां रुके थे। हमें किसी ने जबरन नहीं ठहराया था। जब कुछ अनजान लोग आकर ललित मीणा को ले जाने लगे तो हमने उन्हें नहीं ले जाने दिया और जब हेमराज जी मीणा अपने पुत्र विधायक ललित मीणा को लेने आए तो उनके साथ भेज दिया था। जयपुर में हुई इस घटना से भाजपा आलाकमान के कान खड़े हो गए और उन्हें एहसास हो गया कि प्रदेश में सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है। अंदर खान कोई नया खेल करने के प्रयास में लगा हुआ है।

वसुंधरा राजे के दिल्ली से जयपुर लौटने के बाद करीब एक दर्जन विधायक उनसे मिलने पहुंचे। जिसे वसुंधरा गुट द्वारा अपने शक्ति प्रदर्शन के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। वसुंधरा गुट के पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल का कहना है कि किसी अनुभवी नेता को ही मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए जो राजस्थान को अच्छे से संभाल सके। राजस्थान में भाजपा के पास वसुंधरा राजे से अधिक लोकप्रिय कोई चेहरा नहीं है।

वहीं राजनीतिक हलकों से निकालकर जो बातें आ रही है उससे लगता है कि भाजपा आलाकमान किसी भी स्थिति में वसुंधरा राजे को तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने के मूड में नहीं है। वसुंधरा राजे के लिए सबसे नकारात्मक बात उनका दो बार मुख्यमंत्री बनने के बाद दोनों ही बार पार्टी का चुनाव हार जाना रही है। 2003 में वसुंधरा राजे 120 सीटों के बहुमत के साथ मुख्यमंत्री बनी थी। मगर 2008 में पार्टी की सीट घटकर 78 रह गई थी। इसी तरह 2013 में वसुंधरा राजे 163 सीटों के बहुमत के साथ मुख्यमंत्री बनी थी। मगर 2018 में भाजपा की सीट घटकर 73 ही रह गई थी।पार्टी नेताओं का मानना है कि चुनाव के समय वसुंधरा राजे कांग्रेस सरकार की एंटी इनकमबेसी के बल पर सरकार बना लेती है। मगर खुद के मुख्यमंत्री रहते भी उनकी सरकार के प्रति आमजन में भारी नाराजगी व्याप्त हो जाती है और उन्हें सत्ता से हटाना पड़ता है। इस बार पार्टी आलाकमान चाहता है कि ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया जाए जो पांच साल बाद फिर से सरकारी रिपीट कर सके। मगर वसुंधरा राजे अपनी जिद पर अड़ी हुई है कि वह स्वयं के अलावा अन्य किसी को मुख्यमंत्री पद पर बैठने नहीं देना चाहती है। हालांकि वसुंधरा राजे के सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह पर पार्टी विधायकों के बाड़ाबंदी के आरोप लगने के बाद वसुंधरा राजे बैक फुट पर आ गई है। उन्होंने दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की तो उनके साथ उनके सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह भी थें। चर्चा है कि उन्होंने दुष्यंत सिंह के बाड़ेबंदी के आरोपों पर भी सफाई दी है। इधर भाजपा से विधायक बने चारों सांसदों डॉक्टर किरोडी लाल मीणा, दीया कुमारी, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ व बाबा बालकनाथ ने लोकसभा व राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया है।राजस्थान में भाजपा की सरकार गठन में अबकी बार जितना समय लग रहा है उतना पहले कभी नहीं लगा। इसलिए लोगों के मन में संशय पैदा हो रहा है। हालांकि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावडे को राजस्थान के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। जो राजस्थान के विधायकों से मिलकर रायशुमारी कर विधायक दल की बैठक बुलाएंगे। राजनाथ सिंह का राजस्थान में पर्यवेक्षक बनकर आना अपने आप में बहुत कुछ कहता है। राजनाथ सिंह भाजपा में सबसे हैवीवेट नेता माने जाते हैं। उनकी छवि ट्रबल शूटर की रही है। पार्टी के दो बार राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके राजनाथ सिंह हर तरह की स्थिति को संभालने में सक्षम है। इसीलिए उनको राजस्थान का पर्यवेक्षक बनाकर भेजना पड़ा है। वैसे भी राजनाथ सिंह राजस्थान विधानसभा के चुनाव में नरेंद्र मोदी, अमित शाह के बाद सबसे अधिक रैलियों को संबोधित करने वाले नेता थे।

# ग्लोबल वर्मिंग : विकसित देशों का रवैया ठीक नहीं

विश्व के तमाम देश लगातार ग्लोबल वार्मिंग से मानवता पर मंडराते संकट को दूर करने के लिये संयुक्त अरब अमीरात में एकजुट हुए । दुबई में आयोजित संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन के 28वें सम्मेलन से फिर पूरी दुनिया की आस जगी है। दुनिया टकटकी लगाए बैठी है कि कॉप-28 सम्मेलन से धरती को बचाने के लिये कुछ ठोस निर्णय लिए जाएंगे। बीत रहे साल में मौसम के चरम के चलते तापमान वृद्धि, अलनीनो प्रभाव से बढ़ता समुद्री तापमान, अंटार्कटिका में तेजी से बर्फ के पिघलने, बाढ़, अतिवृष्टि, अनावृष्टि और चक्रवातों के जो भयावह परिणाम सामने आए, वो बता रहे हैं कि यदि अब निर्णायक फैसले न हुए तो धरती को बचाना मुश्किल हो जाएगा।

अब तक के तमाम पर्यावरण सम्मेलनों में वायदे तो बड़े-बड़े हुए हैं लेकिन ठोस काम इस दिशा में नहीं हो पाया है। खासकर विकसित देशों के अड़ियल रवैये से इस दिशा में आशाजनक प्रगति नहीं हो पायी है। जबकि मौजूदा हालात में विकसित देशों से न केवल कार्बन उत्सर्जन कम करने की उम्मीद है, बल्कि हरित ऊर्जा में निवेश बढ़ाने की भी दरकार है। वह भी ऐसे वक्त में जब ग्लोबल वार्मिंग हर देश के दरवाजे पर दस्तक दे चुकी है। दुर्भाग्य की बात यह कि पेरिस समझौते में औद्योगिक क्रांति से पूर्व स्थिति के अनुरूप जिस तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने की बात हुई थी, उस लक्ष्य को अब तक नहीं पाया जा सका है। धरती का ताप अनुकूलक माने जाने वाले अंटार्कटिका की बर्फ तेजी से पिघलना हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। यही वजह है कि बीत रहे साल में मौसम के चरम की तमाम घटनाएं दृष्टिगोचर हो रही हैं। ऐसे में दुनिया के पर्यावरण संरक्षण से जुड़े तमाम संगठन व आम लोग उम्मीद कर रहे हैं कि कॉप-28 में कुछ बदलावकारी फैसले लिये जाएं।

# किसान नेता चैधरी युद्धवीर सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में किया प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही व माकपा किसान सभा के जिला संयोजक रुद्र प्रसाद मिश्र एड की अगुवाई में राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार अमित कुमार त्रिपाठी को सौंपा।

सोमवार को ज्ञापन देने से पहले तहसील परिसर में राष्ट्रीय महासचिव किसान नेता चैधरी युद्धवीर सिंह को हिरासत व यात्रा प्रतिबंध पर संयुक्त किसान मोर्चा के लिखित आश्वासन के उल्लंघन पर कई नेताओं को दिल्ली पुलिस समेत केंद्र सरकार की जांच एजेंसियां ने आपराधिक मामले में फंसाने व अपमान-पीड़ा को ध्यान में लाने को पत्र लिख रहे हैं। जिलाध्यक्ष राम सिंह राही व जिला संयोजक रुद्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि कॉरपोरेट समर्थक फार्म अधिनियमों को निरस्त करने की मांग को लेकर दिल्ली की सीमाओं पर 13 महीने ऐतिहासिक किसान संघर्ष किया था। केंद्र सरकार ने कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव संजय अग्रवाल ने नौ दिसंबर 2021 को लिखित समझौता किया था। ऐतिहासिक किसान संघर्ष को निलंबित किया था। पत्र में साफतौर पर कहा था कि यूपी, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश व हरियाणा की राज्य सरकारें किसान संघर्ष बाबत सभी मामलों को वापस लेंगी। राज्यसभा में जवाब में 19 दिसम्बर 2022 को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा था कि गृह मंत्रालय से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार किसानों पर दर्ज 86 मामले वापस लेने का प्रस्ताव आया है। दो वर्षों के बाद युद्धवीर सिंह जो एसकेएम के राष्ट्रीय परिषद सदस्य/भारतीय किसान संघ के महासचिव हैं, को 29 नवंबर 2023 को सवेरे दो बजे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया। वह संबंधित मामले में आरोपी हैं।


राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन सौंपते भाकियू व किसान सभा।

हरियाणा के रोहतक के बीकेयू नेता वीरेंद्र सिंह हुड्डा को दिल्ली पुलिस से 22 नवंबर को नोटिस मिला था। इसी के विरोध में राष्ट्रपति को पत्र भेजा जा रहा है। सात दिसंबर 2022 को बीकेयू प्रभारी अधिकारी अर्जुन बलियान को नई दिल्ली हवाई अड्डे पर नेपाल जाने से रोका था। पंजाब के एसकेएम नेता सतनाम सिंह बेहरू, हरिंदर सिंह लोकोवाल अदालती प्रक्रियाओं का सामना कर रहे हैं।

इस मौके पर जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय, सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, विजय कुमार त्रिपाठी, छेदीलाल सिंह, प्रेम सिंह, रामेश्वर सिंह, शिव सिंह, दिनेश सिंह, सन्तगोपाल, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह, किसान सभा के संयोजक रुद्र प्रसाद मिश्रा, शिवम द्विवेदी, पूनम, अजय सिंह, वीरबहादुर सिंह, नकुल तिवारी, बलदेव, कमलेश, सुभाषचन्द्र, सुमन, गिरधर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# गैर इरादतन हत्या में पांच दबोचे

## बच्चों के विवाद में बडों में हुई थी मारपीट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधों में अंकुश लगाने को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में चैकी प्रभारी सरैंया ने एक राय हो मारपीट कर गैर इरादतन हत्या के मामले के पांच नामजद आरोपियों को दबोचा है।

ज्ञात है कि सात दिसम्बर को गढचपा मजरा डुडिया पुरवा के पहले पक्ष के ननकौवा पुत्र छितानी के भतीजे अमन (12) को दूसरे पक्ष के सुनील (12) पुत्र राम प्रसाद कोरी से विवाद हुआ था। दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने से दोनों पक्षों को चोटें आई थी। पहले पक्ष के ननकौवा, संतलाल पुत्र छितानी व रज्जू पुत्र कुशल, श्रीमती सोनू पत्नी संगम कोरी को ज्यादा चोटें होने से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। ननकौवा (45) पुत्र छितानी को जिला अस्पताल से बांदा रेफर किया था। इलाज दौरान ननकौवा की मृत्यु हो गई। मृतक के छोटे भाई संतलाल पुत्र छितानी ने मानिकपुर थाने में बलबा, मारपीट व गैर इरादतन हत्या का मामला राजकुमार समेत सात लोगों के खिलाफ दर्ज कराया था। चैकी प्रभारी सरैंया की टीम ने नामजद आरोपी राजकुमार, संतोष कुमार, ओमप्रकाश उर्फ राजा पुत्र चुनकाई, रामप्रसाद पुत्र वेजू, अनिल कुमार उर्फ सत्तू पुत्र रामप्रसाद कोरी निवासी डुडिया पुरवा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से कुल्हाड़ी, डंडे व लाठी बरामद की। दो आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। टीम में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह, दीवान अवधेश कुमार व सिपाही रोहित सिंह यादव शामिल रहे।


पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी।

# कोतवाली कर्वी पुलिस ने पांच वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में पांच वारंटी दबोचे हैं।

सोमवार को चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह ने सिपाही धीरेन्द्र कुमार व अनुज कुमार के साथ अमानत में खयानत, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के वारंटी कैलाश पुत्र दुर्गा आरख व दुर्गा पुत्र रामऔतार निवासी सीतापुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने सिपाही धीरेन्द्र किशोर व राजीव कुमार के साथ एनआई एक्ट के वारंटी राजू कुशवाहा पुत्र रामखिलावन कुशवाहा निवासी मणिकुंज तरौंहा को गिरफ्तार किया। चैकी प्रभारी जिला अस्पताल मुन्नीलाल ने सिपाही जयनारायण पटैरिया के साथ घर में घुसकर चोकी व माल बरामद के वारंटी हुसैन पुत्र सुलेमान निवासी कसहाई को गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के दरोगा राहुल कुमार पाण्डेय ने दीवान राहुल देव के साथ क्षति पहुंचाने, मारपीट-गलौज व जान से मारने की धमकी तथा एससी-एसटी एक्ट के वारंटी अरविन्द उर्फ ठोकिया पुत्र कामता पटेल निवासी चमड़ा मंडी को गिरफ्तार किया।

# 13 को लगेगा रोजगार मेला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला सेवायोजन अधिकारी पीपीसी शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के निर्देश पर जिला सेवायोजन कार्यालय में 13 दिसम्बर को सवेरे दस बजे एक दिवसीय रोजगार मेला होगा।

सोमवार को जिला सेवायोजन अधिकारी पीपीसी शर्मा ने बताया कि केएस मारुती इण्टरप्राइजेज व हावेल्स इंटरप्राइजेज लि 18-40 वर्ष के लोगों का चयन करेगी। पदों के लिए योग्यता इण्टरमीडिएट, ग्रेजुएट कला व वाणिज्य विषय से होना जरूरी है। मेले में हिस्सा लेने को महिला/पुरुष विभागीय पोर्टल पर दर्ज होना चाहिए। अपनी लागिन आईडी से पोर्टल पर आनलाइन आवेदन मेले की तिथि से पहले भेज दें। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी के पास शैक्षिक योग्यता, जाति, अनुभव एवं पंजीकरण प्रमाण पत्र समेत दो पासपोर्ट साइज फोटो जरूरी हैं। अधिक जानकारी को जिला सेवायोजन कार्यालय कसहाई रोड गल्ला मंडी परिसर से सम्पर्क कर सकते हैं।

# रुक्मणी विवाह-सुदामा के चित्रण से भाव विभोर हुए श्रोता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एसडीएम कॉलोनी में निरंजन मिश्र के आवास पर श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास बलुआ महाराज ने रुकमणी विवाह व सुदामा चरित्र की कथा सुनाई। आचार्य ने श्रोताओं को भागवत को जीवन में उतारने की अपील की।

सोमवार को आचार्य ने सुदामा चरित्र से श्रोताओं को श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता की मिसाल बताई। बलुआ महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सात दिनों तक सुनने से जीव का उद्धार हो जाता है। कथा को कराने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं। अंतिम दिन शुकदेव ने राजा परीक्षित को सुनाई भागवत कथा को पूर्णता प्रदान कर विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। जीवन कई योनियों बाद मिलता है। इसे कैसे जीना चाहिए, भक्तों को समझाया। आचार्य ने गौ सेवा, गरीब सेवा, देश सेवा के कार्य पर जोर दिया। श्रीकृष्ण-रुकमणी विवाह व सुदामा की झांकियो का चित्रण किया, जिसे देख हर कोई भाव विभोर हो उठा।

इस मौके पर मुख्य यजमान रामसूरत पयासी, सावित्री देवी, राधेरमण पयासी, निरंजन मिश्र, प्रशांत कुमार द्विवेदी, प्रभाकर द्विवेदी, सत्य प्रकाश द्विवेदी, लवकुश पयासी, सतरूपा देवी, अनीता द्विवेदी, साधना मिश्रा आदि मौजूद रहे।


श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह का दृश्य।

# 11 से 13 तक होगा अमावस्या मेला, एडीएम ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एडीएम वंदिता श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट सभागार में अमावस्या मेला तैयारी बाबत बैठक में कहा कि 12 दिसंबर अमावस्या पर्व पड़ेगा। ये मेला 11 से 13 दिसंबर तक चलेगा। अमावस्या मेला सकुशल संपन्न कराने को सेक्टर मजिस्ट्रेट/जोनल मजिस्ट्रेट नामित किए हैं।

सोमवार को मेला बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि संपूर्ण मेला क्षेत्र में निर्धारित स्थलों पर तैनात रहकर मेला व्यवस्था को अधिकारी संपन्न करायेंगे। मेला में लगाये मजिस्ट्रेटों से कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारियों से तालमेल कर तैनाती स्थलों पर मौजूद रहें। ईओ नगर पालिका, डीपीआरओ से कहा कि पूरे मेला क्षेत्र में साफ-सफाई व गौवंश न जाने पायें, व्यवस्था करें। रामघाट व परिक्रमा पथ पर साफ-सफाई चैकस हो। लाइट न होने पर जनरेटर रखवायें। रामघाट व परिक्रमा मार्ग पर सीसीटीवी कैमरा व दुकानदार किसी तरह का अतिक्रमण न करें। मोबाइल शौचालय रहे। चिकित्सा विभाग एंबुलेंस व स्वास्थ्य टीम लगायें। जल संस्थान मेला क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था कराये। विद्युत विभाग विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कर लें। बैठक में एआरटीओ व सीओ सिटी, यातायात प्रभारी भ्रमण कर यातायात व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखें। बैठक में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सहायक आयुक्त स्टांप श्यामसुंदर यादव, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता, जिला खादी ग्राम उद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# व्यापारी सम्मेलन सात जनवरी को, बनाई रुपरेखा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की बैठक केंद्रीय कार्यालय शंकर बाजार में राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता की मौजूदगी में पदाधिकारीयों ने दो दिवसीय प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन की रुपरेखा बनाई।

सोमवार को राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने पदाधिकारीयों को बताया कि सात जनवरी को चित्रकूट धाम यूपी में होने वाले प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन में देश व प्रदेश तथा अन्य प्रदेशों के उद्यमी/उद्योगपति/प्रदेश पदाधिकारी को बुलाया जायेगा। चित्रकूट-बांदा लोकसभा क्षेत्र के व्यापारी शामिल होंगे। व्यापारी/भाजपा नेता शानू गुप्ता ने बताया कि चित्रकूट धाम में यूपी के 74 जिलों के उद्यमी उद्योगपति आयेंगे। चित्रकूट धाम में तैयारी को लेकर जिले के सभी पदाधिकारियों की बैठक होगी। चित्रकूट धाम में उद्यमियों के ठहरने व कार्यक्रम की व्यवस्थायें की जा रही है। व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने कहा कि धार्मिक क्षेत्र चित्रकूट धाम में पर्यटन, उद्योग, व्यापार, रोजगार पर पूरे भारत के उद्यमियों व उद्योगपतियों की नजरें हैं, और हो। इसी उद्देश्य से उद्यमियों का सम्मान-प्रोत्साहन, व्यापार, उद्योग, पर्यटन की स्थिति व राजनैतिक संरक्षण पर सात जनवरी को चर्चा होगी। व्यापारी सम्मेलन को छह जनवरी को प्रदेश कार्य समिति की बैठक होगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार, मंडल महामंत्री युवा शेशू जायसवाल, नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष शकुन्तला गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष पलटू केसरवानी, जनार्दन चतुवेर्दी, युवा अध्यक्ष किशन सोनी, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, नीलू अग्रहरि, सीताराम श्रीवास्तव, मो राज, मनीष गुप्ता, स्वतंत्र गुप्ता, अरुण अग्रहरि, पप्पू साहू, तन्नू अग्रहरि, आनन्द बाबा, दशरथ केसरवानी, रीता सोनी, राजेन्द्र सोनी, प्रियांश केसरवानी, सुशील पाण्डेय, राजाराम विश्वकर्मा, अनिल कुमार सेन आदि व्यापारी मौजूद रहे।


सम्मेलन की रुपरेखा बनाते व्यापारी नेता शानू गुप्ता।

# पुलिस टीमों ने बैंकों में जांची सुरक्षा


बैकों में निरीक्षण करती पुलिस।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों की अगुवाई में पुलिस टीमों ने थाना क्षेत्र के बैंक/वित्तीय संस्थानों की जांच की। सोमवार को जांच दौरान बैंक सुरक्षा रजिस्टर देखा। ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सुरक्षा बाबत निर्देश दिये। सतर्कता से ड्यूटी करने को कहा। बैंक में लगे अलार्म/सायरन, सीसीटीवी कैमरों को देखा। सही ढंग से कार्य कर रहे है या नहीं। शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा बाबत चर्चा की। परिसर में संदिग्ध लोगों की जांचकर अनावश्यक बैठे लोगों को परिसर से बाहर किया।

# पं शिवकुमार इंटर कॉलेज वार्षिकोत्सव में बांटे पुरस्कार

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** पं शिवकुमार इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में बतौर मूख्य अतिथि मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी व एसडीएम मऊ राकेश पाठक ने सरस्वती पूजन कर शुभारंभ किया।

सोमवार को पं शिवकुमार इंटर कॉलेज स्व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं शिवकुमार त्रिपाठी की स्मृति में स्व पं सुरेंद्रनाथ त्रिपाठी ने विद्यालय के प्रणेता व संस्थापक थे। विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किये। बच्चों के प्रोत्साहन को पुरस्कार बांटे गये। वार्षिकोत्सव में विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, एसडीएम राकेश कुमार पाठक ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। वार्षिकोत्सव का संचालन प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी एड व प्रबंध समिति के सदस्य महेंद्र प्रताप त्रिपाठी एड मौजूद रहे। प्रबंधक कुलदीप त्रिपाठी, शिक्षक कृष्ण कुमार शुक्ला, अमित द्विवेदी, प्रकाश यादव, सूरज, वीरेंद्र, सविता, अभय, सुरेश चंद्र ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबुद्ध लोग अनुराग रस्तोगी, डॉ शैलेश रस्तोगी, संदीप त्रिपाठी, काशी त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।


छात्रा को पुरस्कार देते विधायक आदि।


# 30 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा इन्द्रजीत गौतम ने सिपाही दीप प्रताप व राहुल पाण्डेय के साथ रमेश रैदास पुत्र स्व रामऔतार रैदास निवासी मंडौर के कब्जे से 30 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। आरोपी पर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# शव रख हाईवे पर लगाया जाम, सीओ ने हटवाया

## मारपीट में हुई थी युवक की मौत


मृतक के घर में मौजूद पुलिस।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के पुरानी बाजार मोहल्ले के शम्भू पुत्र सीताराम रैकवार को बच्चों के विवाद में कुछ लोगों ने इस कदर बेरहमी से पिटाई की कि उसकी इलाज दौरान प्रयागराज में मृत्यु हो गई। शव को लाकर परिजनों ने काली देवी चैराहा हाईवे पर रखकर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर परिजनों की मांग आरोपियों को गिरफ्तार किया जाये। मांग मानते ही परिजनों ने जाम हटा लिया। झांसी-मिजार्पुर राजमार्ग हाईवे पर जाम की ये घटना सोमवार को शाम साढे पांच बजे हुई। बताया गया कि पुरानी बाजार के शम्भू पुत्र सीताराम रैकवार को मोहल्ले के गुड्डू काजी के घर में रहने वाले लोगों ने इस कदर बेरहमी से पिटाई की कि उसकी इलाज दौरान प्रयागराज में मृत्यु हो गई। इससे गुस्साये परिजनों ने गुड्डू काजी आदि की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जाम लगा दिया। इससे हाईवे पर कुछ देर को वाहनों का काफिला थम सा गया। जाम की सूचना मिलते ही सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने जाम लगाये लोगों को भरोसा दिया कि उनकी सभी जायज मांगें मानी जायेंगी। कोतवाली में मृतक के पिता सीताराम रैकवार तहरीर लिख रहे हैं। आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जायेगी।

# सिंचाई विभाग ने नाव-श्रमिकों से कराई नदी की सफाई

## पांच दिन से अभियान में निकला कचरा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुंदेली सेना की मांग पर सिंचाई विभाग ने एक नाव व तीन श्रमिकों से पुलघाट कर्वी में सफाई कराई। विसर्जन घाट से कई ट्रैक्टर मलबा बाहर निकाला। नाव से नदी में तैरने वाले प्लास्टिक कचरे-पालीथिन व चोई की सफाई हुई।

सोमवार को सफाई अभियान के पांचवे दिन बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने पहुंचकर टीम के साथ सफाई कराई। बताया कि विसर्जन घाट में सीढ़ियों व रैम्प पर जमा कई फीट मिट्टी व मलबे की सफाई हुई। नाव ने घूम-घूमकर नदी से कचरा बाहर निकाला। रोज दर्जनों पालीथिन में भरी पूजन सामग्री की थैलियां लोग पुल से नदी में फेंकते हैं। लोग खुद ही नदी में प्रदूषण कर रहे हैं, वही नदी भी स्वच्छ देखना चाहते है। गंगा समिति की पिछली बैठक में जिलाधिकारी ने पुलघाट व राजाघाट में विसर्जन कुंड बनवाने के निर्देश दिए थे। सम्बन्धित विभाग ने कोई कार्यवाही नहीं की। अजीत सिंह ने बताया कि विसर्जन कुंड व मुक्तिधामों में ट्रीगार्ड युक्त पौधरोपण की मांग की थी। इन मांगों के पूरा न होने पर जिलाधिकारी से समस्या निराकरण की मांग की जायेगी। विसर्जन कुंड बनने से लोग सीधे नदी में विसर्जन सामग्री नहीं फेंकेंगे। प्रदूषण पर काफी हद तक रोक लगेगी। सफाई अभियान में सिंचाई विभाग के जेई शिवेंद्र शुक्ला समेत पूर्व प्रधान दिनेश निषाद मौजूद रहे। एई गुरु प्रसाद का सफाई अभियान को मार्गदर्शन मिलता रहा।


नदी में सफाई करते श्रमिक।

## चीन में इस साल अनाज की रिकॉर्ड पैदावार



**बीजिंग।** चीनी राजकीय सांख्यिकी ब्यूरो के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 में चीन में अनाज का फिर रिकॉर्ड उत्पादन हुआ। अनाज की कुल पैदावार 69 करोड़ 54 लाख 10 हजार टन है जो पिछले साल से 1.3 प्रतिशत अधिक है। चीन में अनाज की पैदावार लगातार नौ वर्ष तक 65 करोड़ टन के ऊपर बनी रही है।

इस वर्ष चीन में अनाज का रकबा 11 करोड़ 90 लाख 59 हजार हेक्टेयर से अधिक है जो पिछले साल से 0.5 प्रतिशत ज्यादा है।

ब्यूरो के गांव विभाग के प्रमुख वांग क्वीरोंग ने बताया कि वर्ष 2023 में देश के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम की स्थिति अनाज उत्पादन के अनुकूल है। इस के साथ देश में अनाज के प्रति यूनिट उत्पादन की उन्नति कार्रवाई की गयी ,जिस का स्पष्ट परिणाम मिला है। उन्होंने कहा कि अनाज उत्पादन के ऐतिहासिक रिकॉर्ड से ग्रामीण पुनरोत्थान और शक्तिशाली कृषि देश के निर्माण को बढ़ावा मिला है और विश्व अनाज सुरक्षा के लिए योगदान दिया है।

## पूर्वी ईरान में हाइड्रोकार्बन रिफाइनरी में आग लगने से विस्फोट



**तेहरान।** पूर्वी ईरान के बिरजंद विशेष आर्थिक क्षेत्र में स्थित हाइड्रोकार्बन रिफाइनरी में रविवार को लगी आग के बाद हुए भीषण विस्फोट से हड़कंप मच गया है। आग की लपटों ने रिफाइनरी के सभी 18 भंडारण इकाइयों को अपनी चपेट में ले लिया। आग अभी बुझ नहीं सकी है। यह विशेष क्षेत्र दक्षिण खुरासान प्रांत में है।

ईरान के सरकारी मीडिया के अनुसार यह छोटी रिफाइनरी है। हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। नुकसान का आकलन भी अभी तक नहीं किया गया है। गवर्नर अली फजेली ने कहा है कि आग रिफाइनरी के सभी 18 भंडारण इकाइयों तक फैल चुकी है। इससे तीन भंडारण इकाइयां फट चुकी हैं। भयावह स्थिति की वजह से बचाव दल अस्थायी रूप से घटनास्थल से हट गए हैं।

## पाकिस्तान के बाद ईरान ने 13 हजार अवैध अफगान नागरिकों को देश से निकाला

**काबुल।** पाकिस्तान के बाद ईरान ने भी अवैध अफगान नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13,204 अवैध अफगान प्रवासियों को देश से निष्कासित कर दिया है। खुरासान रजावी में सीमा सुरक्षा के कमांडर माजिद शोजाई ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अवैध प्रवासियों के निष्कासन पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्रवासियों की पहचान पिछले सप्ताह में की गई थी और वे डोघरौन में बारह सीमा क्रासिंग के माध्यम से अपने देश लौट गए।

सीमा सुरक्षा के कमांडर ने कहा कि अवैध रूप से देश में प्रवेश करने वाले अफगान नागरिकों को गिरफ्तार कर निष्कासित कर दिया जाता है। खामा प्रेस के अनुसार हाल के महीनों में ईरान और पाकिस्तान से अफगान प्रवासियों को निकालने की प्रक्रिया तेज हुई है। हाल ही में ईरान के गृह मंत्री ने चार लाख अफगान प्रवासियों को देश से बाहर निकालने की घोषणा की थी। इससे पहले करमानशाह प्रांत में विदेशी नागरिकों और अप्रवासी मामलों के महानिदेशक ने देश के 16 प्रांतों में अफगान नागरिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) के अनुसार, ईरान में छह प्रतिशत अफगान नागरिक हैं। वहीं, काबुल में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने रविवार को मानवाधिकार दिवस और मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 75वीं वर्षगांठ पर कहा कि तालिबान को अफगानिस्तान में मानवाधिकार दायित्वों को स्वीकार करना चाहिए और उनका पालन करना चाहिए। 2021 में सत्ता पर कब्जा करने के बाद तालिबान ने बुनियादी अधिकारों और स्वतंत्रता को खत्म किया है, जिसका महिलाओं और लड़कियों पर गहरा प्रभाव पड़ा है।

## बलूचिस्तान में विस्फोट में एक पुलिस अधिकारी की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को एक विस्फोट में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

# रूस ने गाजा में अंतरराष्ट्रीय निगरानी मिशन का आह्वान किया

**मास्को।** इजरायल-हमास संघर्ष के बीच गाजा में मानवीय स्थिति का आकलन करने के लिए रूस ने रविवार को एक अंतरराष्ट्रीय निगरानी मिशन का आह्वान किया और कहा कि इजरायल द्वारा फिलिस्तीनी लोगों को दंडित करने के लिए हमास के सात अक्टूबर के हमले को कारण बताना अस्वीकार्य है। यह जानकारी स्पूतनिक ने सोमवार को दी।

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सात अक्टूबर के हमास द्वारा किए गए हमले की निंदा की, हालांकि, साथ ही उन्होंने कहा कि हम अंधाधुंध गोलाबारी के साथ लाखों फिलिस्तीनियों को दी जा रही सामूहिक सजा के लिए इस घटना को कारण बताना स्वीकार नहीं करते हैं। श्री लावरोव ने दोहा फोरम सम्मेलन में रविवार को अल जजीरा में प्रसारित एक साक्षात्कार में कहा कि गाजा में मानवीय विराम और जमीनी स्तप पर निगरानी करने की आवश्यकता है।


श्री लावरोव ने कहा कि हमने महासचिव (एंतोनियो गुतारेस) को संबोधित किया और सुझाव दिया



कि वह किसी प्रकार की निगरानी पर विचार करने के लिए अपने अधिकारों का उपयोग करें, लेकिन अब तक कोई फायदा नहीं हुआ है। उन्होने दशकों की नाकाबंदी और फिलिस्तीनी राज्य के अधूरे वादों की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह शून्य में नहीं हुआ है। इस बीच, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत की और संयुक्त राष्ट्र में मॉस्को के दूतों द्वारा उठाए गए इजरायल विरोधी रुख पर नाराजगी व्यक्त की। इजरायली बयान के अनुसार, रूस ने गाजा संघर्ष विराम के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का समर्थन किया, जिसे शुक्रवार को अमेरिका द्वारा वीटो किया गया था। इजरायल ने कहा कि श्री पुतिन से बात करते हुए श्री नेतन्याहू ने ईरान के साथ रूस के खतरनाक सहयोग पर कड़ी आपत्ति दर्ज की। क्रेमलिन ने कहा कि रूस मानवीय पीड़ा को कम करने और मौजूदा स्थिति को सामान्य करने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

# एक और दुर्दांत हमास कमांडर का सफाया, गाजा में ढेर हुआ इमाद क्रिके

**गाजा पट्टी।** दक्षिणी गाजा के प्रमुख शहर खान यूनिस में फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के खिलाफ इजराइल के सुरक्षा बलों के हमले जारी हैं। इस बीच इजराइल की सेना ने हमास के खूंखार आतंकवादी इमाद क्रिके को ढेर कर दिया है। साथ ही अपने चार शहीद सैनिकों के नामों का खुलासा करते हुए फोटो जारी किए हैं।




आईडीएफ ने एक्स हैंडल पर कहा है कि इमाद क्रिके हमास की शेजैया बटालियन का कमांडर था। वह शेजैया बटालियन के पिछले कमांडर के मारे जाने से पहले डिप्टी कमांडर था। क्रिके गाजा सिटी ब्रिगेड में टैंकरोधी मिसाइल प्रशिक्षण का भी जिम्मेदार था। वह कल हमले में मारा गया। वह हमास के ताकतवर कमांडर था। इजराइल के प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार खान यूनिस में रातभर के इजराइल के सुरक्षाबलों ने हमला किया है। सुबह दक्षिणी इजरायल के लोगों को हमास के संभावित हमले के लिए सचेत करते हुए वायु रक्षा प्रणाली को सक्रिय किया गया है।

आईडीएफ ने गाजा पट्टी पर छिड़े युद्ध के 66वें दिन आज (सोमवार) अपने चार शहीद सैनिकों के फोटो और विवरण जारी किया है। इनमें सार्जेंट 55वीं पैराटूपर्स ब्रिगेड के 35 वर्षीय मेजर गिदोन इलानी, किरयाती ब्रिगेड की 8111वीं बटालियन के 36 वर्षीय मेजर एटे पेरी, किरयाती ब्रिगेड की 8111वीं बटालियन के 42 वर्षीय मेजर एविएटर कोहेन और उत्तरी कमान के 36वें डिवीजन के 34 वर्षीय मेजर गैल बेचर शामिल हैं। आईडीएफ ने कहा कि चारों दक्षिणी इजराइल में कल एक सैन्य वाहन की टक्कर में मारे गए। आईडीएफ ने कहा है कि इस युद्ध में उसके 102 जवानों की शहादत हो चुकी है।

## यूएन, डब्ल्यूएचओ ने चेताया, गाजा में फैल सकती है महामारी, मिस्र पर बढ़ा विस्थापन का दबाव



**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इजराइल और हमास के बीच गाजा में छिड़े युद्ध पर गंभीर टिप्पणी की है। इसमें कहा गया है कि गाजा में महामारी फैलने की आशंका है। साथ ही मिस्र पर बड़े पैमाने पर विस्थापन का दबाव बढ़ेगा। अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने कल चेतावनी दी थी कि मिस्र के साथ गाजा की सीमा के पास दबाव बढ़ रहा है। इस सीमा पर हजारों फिलिस्तीनी एकत्र हैं। यह लोग इजराइल के सैन्य अभियान से घबराकर भागे हैं।

इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, "मुझे उम्मीद है कि सार्वजनिक व्यवस्था जल्द ही पूरी तरह से खत्म हो जाएगी और इससे भी बदतर स्थिति सामने आ सकती है। गंभीर खतरा महामारी फैलने का है। इसके अलावा मिस्र में बड़े पैमाने पर विस्थापन के लिए दबाव बढ़ सकता है।" अखबार के अनुसार विश्व स्वास्थ्य संगठन के कार्यकारी बोर्ड के आपातकालीन सत्र में महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेबियस ने कहा है कि गाजा की स्वास्थ्य प्रणाली और उपचार व्यवस्था घुटनों पर आ गई है। एन्क्लेव के 36 अस्पतालों में से केवल 14 ही आंशिक रूप से बीमारों और घायलों का इलाज करने में सक्षम हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, गाजा में भयावह हालात हैं। इजराइली सेना ने कल कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में गाजा में 250 से अधिक लक्ष्यों पर हमला किया है। पिछले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र में गाजा में स्थायी युद्धविराम की मांग को लेकर हुए मतदान के बाद यह लड़ाई तेज हो गई। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के वीटो के कारण यह प्रस्ताव गिर गया। इसके बाद अमेरिका ने इजराइल को 13,000 राउंड टैंक गोला-बारूद देने की घोषणा की।

# रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर सारी रात किया हवाई हमला

**कीव।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव में ताबड़तोड़ विस्फोट किए हैं। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने आज (सोमवार) कहा है कि रूस ने कीव पर रातभर हवाई हमला किया है।

यूक्रेन के प्रमुख अखबार द कीव इंडिपेंडेंट के अनुसार मेयर विटाली क्लिट्स्को ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप में यह जानकारी साझा की है। मेयर के अनुसार इस हमले में गिराए गए हथियारों का मलबा कई जिलों पर गिरा और एक आवासीय इमारत को इससे नुकसान पहुंचा।



क्लिट्स्को ने कहा है कि आपातकालीन सेवाओं को कीव के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में होलोसिवस्की जिले में भेजा गया। वहां एक मिसाइल का हिस्सा एक आवासीय इमारत की छत से टकराया था । उन्होंने बताया कि शहर के दो अन्य जिलों में भी आपातकालीन सेवाएं भेजी गईं हैं। उन्होंने कहा कि कीव सिटी सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने राजधानी में हवाई हमले की चेतावनी पहले ही जारी कर दी थी। अखबार के अनुसार इस हमले में एक आवासीय इमारत की खिड़कियां टूट गईं और कांच के टुकड़ों से एक बच्चा और दो वयस्क घायल हो गए।

## पाकिस्तान के सेना प्रमुख अमेरिका की पहली आधिकारिक यात्रा पर रवाना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर अमेरिका की पहली आधिकारिक यात्रा पर रविवार को वाशिंगटन के लिए रवाना हुए। सेना की मीडिया मामलों की शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान जनरल मुनीर का अमेरिका के वरिष्ठ सैन्य और अन्य सरकारी अधिकारियों से मिलने का कार्यक्रम है। पाकिस्तान इस समय नकदी संकट के साथ गंभीर आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा है।

जनरल मुनीर की यात्रा ऐसे समय हो रही है जब पाकिस्तान विभिन्न कानूनी मुद्दों के कारण देरी के बाद आठ फरवरी को होने वाले आम चुनावों की ओर बढ़ रहा है। हालांकि, सुरक्षा मुद्दों और भीषण सर्दी के कारण चुनाव समय पर होंगे या नहीं, इसे लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है। माना जा रहा है कि जनरल मुनीर अपने मेजबानों के साथ द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों, खासकर अफगानिस्तान की स्थिति पर चर्चा करेंगे। दोनों देशों के रक्षा क्षेत्र के नेता आपस में संपर्क में बने हुए हैं। अक्टूबर में जनरल मुनीर और अमेरिकी रक्षा मंत्री लायड ऑस्टिन ने टेलीफोन पर बातचीत की और पारस्परिक हित के क्षेत्रों के साथ-साथ हाल के क्षेत्रीय विकास पर चर्चा की थी।

# यहूदी विरोध पर अमेरिकी संसद में पेशी के बाद पेंसिलवेनिया विवि की अध्यक्ष लिज मैगिल का इस्तीफा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष और प्राचीनतम विश्वविद्यालयों में से एक 'यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिलवेनिया' की अध्यक्ष लिज मैगिल ने इस्तीफा दे दिया है। लिज का यह पेंसिलवेनिया की अध्यक्ष के तौर पर दूसरा साल है। यूनिवर्सिटी ने बयान में कहा है कि 57 वर्षीय लिज यूनिवर्सिटी के कैरे लॉ स्कूल की फैकल्टी सदस्य बनी रहेंगी। साथ ही अगले अध्यक्ष की नियुक्ति तक वह अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी का निर्वहन भी करेंगी। इस विश्वविद्यालय की स्थापना सम्मानित साहित्यकार बेंजामिन फ्रैंकलिन ने की थी। बेंजामिन फ्रैंकलिन को अमेरिका का संस्थापक और जनक कहा जाता है।अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार लिज मैगिल की कॉलेज कैंपस में बढ़ते यहूदी विरोध को लेकर यूएस कांग्रेस के सामने पेशी हुई। इस दौरान उनसे बार-बार पूछा गया कि क्या कैंपस में यहूदियों के नरसंहार की मांग करना स्कूल की आचरण नीतियों का उल्लंघन है या नहीं? फिर भी लिज मैगिल ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

अब बताया गया है कि यूनिवर्सिटी के दानदाताओं की तरफ से आलोचना के चलते लिज मैगिल को पद से इस्तीफा देना पड़ा है।द न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इजराइल- हमास युद्ध की वजह से अमेरिकी शैक्षणिक संस्थान में यहूदी विरोधी घटनाएं बढ़ी हैं। लिज मैगिल मंगलवार को यूएस



कांग्रेस की समिति के सामने पेश हुईं। इस दौरान हावर्ड यूनिवर्सिटी और एमआईटी के अध्यक्ष भी समिति के सामने पेश हुए। अमेरिकी यूनिवर्सिटीज पर आरोप लग रहे हैं कि वह अपने कैंपस परिसरों में यहूदी विरोधी घटनाओं को नहीं रोक पा रही हैं और इससे यहूदी छात्रों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। लिज कई अन्य यूनिवर्सिटीज में शीर्ष पद पर काम कर चुकी हैं। वह अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट की लॉ क्लर्क रह चुकी हैं और पूर्व संघीय जज की बेटी हैं। इससे पहले लिज मैगिल स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी लॉ स्कूल की डीन और यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया की शीर्ष प्रशासक रह चुकी हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।